**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पर्यटन वॉक फेस्टिवल की शुरुआत शनिवार को महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क में हुई। यह महीने भर चलने वाला उत्सव दिल्ली की समृद्ध विरासत , ऐतिहासिक इमरतों , ख़ान-पान को दर्शाता है।


दिल्ली पर्यटन वॉक फेस्टिवल में अतिथियों संग पर्यटन मंत्री सौरभ।

महरौली पुरातत्व पार्क में उद्घाटन पदयात्रा( वॉक) में पर्यटन मंत्री सौरभ भारद्वाज उपस्थित हुए और अतिथियों का स्वागत करते हुए दिल्ली की समृद्ध विरासत को भी बताया। वॉक का संचालन इतिहासकारों/विद्वानों/कहानीकारों/भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से लाइसेंस प्राप्त गाइडों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि दिल्ली देश की राजधानी है और हमारे देश में आने वाले पर्यटकों का एक बड़ा हिस्सा सबसे पहले दिल्ली आता है और उसके बाद देश के अलग-अलग राज्यों में भ्रमण के लिए निकल जाता है। उन्होंने कहा की दिल्ली पर्यटन विभाग की यह कोशिश है, कि जब कभी भी कोई विदेशी सैलानी हमारे देश में आए तो वह दिल्ली में भी एक अच्छा खासा समय दिल्ली की खूबसूरती, विरासतों को समझने में बिताएं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में पर्यटन विभाग ने एक सीरीज ऑफ हेरिटेज वॉक की शुरुआत की है, जिसमें लगभग दिल्ली के 50 अलग-अलग ऐतिहासिक अवशेषों के संबंध में जो ऐतिहासिक कहानी है, वह सैलानियों के साथ दिल्ली और देश के लोगों के साथ सांझा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जैसे कि दिल्ली के बारे में कहा जाता है, कि दिल्ली सात बार बसा और सात बार उजड़ा, इस प्रकार की कहानी लोगों को पता नहीं है, ऐसी ऐतिहासिक कहानी लोगों के साथ सांझा की जाएगी। महोत्सव में विविध प्रकार की पदयात्राएं शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक दिल्ली के जीवंत इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करती है।

प्रतिभागी महरौली पुरातत्व पार्क की भव्यता और दिल्ली के इतिहास को जान सकते हैं, सूफियाना दिल्ली के माध्यम से अपनी कला और परंपरागत संगीत को अनुभव कर सकते हैं और शाम-ए-तुगलकाबाद के माध्यम से इतिहास और सूर्यास्त की भव्यता देख सकते हैं। हॉन्टेड वॉक में मालचा महल का रहस्य और फिरोजशाह कोटला में जिन्नों की किंवदंतियों का पता लगाते हैं। दिल्ली पर्यटन ने शहर के वास्तुशिल्प चमत्कारों और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए देखो अपना सीपी, कुतुब कॉम्प्लेक्स में रोशन-ए-दिल्ली, और ज्वेल्स ऑफ दिल्ली जैसी रोमांचक पदयात्राओं का आयोजन किया है। प्रतिभागी जायके पुरानी दिल्ली के के साथ पुरानी दिल्ली के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं और पार्टीशन डायरीज के साथ पुराना किला में भारत विभाजन की कहानियों का पता लगा सकते हैं।

इस महोत्सव का उद्देश्य दिल्ली के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को शहर के छिपे हुए ऐतिहासिक विरासत को खोजने का अवसर मिलता है। प्रतिभागी दिल्ली की विरासत के बारे में अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा कहानीकारों द्वारा दिल्ली को और अधिक जान सकेंगे। इस दिल्ली पर्यटन के वाक् फेस्टिवल में विशेष ऑफर के साथ प्रति व्यक्ति 500 रुपये में बुकिंग की जा सकती है।

# अलीपुर फैक्ट्री में भारी मात्रा में ज्वलनशील रसायन मिले

- एक दिन पहले आग लगने से 11 लोगों की हो गई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अलीपुर में जिस फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई थी, परिसर में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ पाया गया। घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी में यह जिक्र किया गया है।

मामले में फैक्टरी मालिक के बेटे से पूछताछ की जा रही है क्योंकि बृहस्पतिवार की घटना में मालिक की भी मौत हो गई थी। फैक्टरी में कई मशीन और लोहे के ड्रम थे, जो बाद में जली हुई अवस्था में पाए गए। बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में बृहस्पतिवार शाम एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में फैक्टरी मालिक और 10 कर्मचारी शामिल हैं। दिल्ली नगर निगम ने एक बयान में कहा है कि जिस इमारत में आग लगी, उसका इस्तेमाल अवैध रूप से पेंट मिलाने के लिए किया जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि सभी 11 मृतकों की पहचान उनके परिवार वालों ने कर ली है। शुक्रवार को पहचान के बाद आठ शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया। शनिवार को तीन और शवों की पहचान की गई। मृतक राम प्रवेश, कृपा शंकर और हरिश्चंद्र यादव की पहचान शनिवार को हो पाई।

# गुरुग्राम मैराथन-2024 में 25 फरवरी को 25 हजार से अधिक धावक लेंगे भाग

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्य अतिथि, क्रिकेटर शिखर धवन भी आएंगे

## डीसी निशांत कुमार यादव ने अधिकारियों के साथ किया रूट का निरीक्षण


गुरुग्राम मैराथन को लेकर रूट का निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आगामी** 25 फरवरी रविवार को गुरुग्राम मैराथन-2024 में क्रिकेटर शिखर धवन समेत 25 हजार से अधिक धावक भाग लेंगे। स्थानीय लेजर वेली से शुरू होने वाली इस दौड़ में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक युवा एवं आम नागरिक अपना पंजीकरण करवाएं। गुरुग्राम मैराथन की तैयारियों को लेकर डीसी निशांत कुमार यादव ने शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली।

इसके बाद अधिकारियों के पूरे काफिले के साथ डीसी ने आयोजन स्थल और मैराथन के लिए निर्धारित किए गए रूट का निरीक्षण भी किया। उनके साथ एडीसी हितेश कुमार मीणा, डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज, डीसीपी ईस्ट डा. मयंक गुप्ता, एसडीएम रविंद्र यादव, एसडीएम दर्शन यादव भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सानिध्य में 25 फरवरी को गुरुग्राम में एक विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। चार भागों में करवाई जाने वाली इस मैराथन रेस में गुरुग्राम और आसपास के इलाकों से 25 हजार से अधिक धावकों के भाग लेने की उम्मीद है। इस आयोजन को आकर्षक रूप देने के लिए क्रिकेटर शिखर धवन तथा अन्य सेलिब्रिटी यहां मौजूद रहेंगे। सुबह 4.30 बजे 42.2 किमी की मैराथन शुरू होगी। इसके बाद 6.30 बजे 21.1 किमी की हाफ मैराथन, 7.30 बजे दस किमी रेस तथा 8.30 बजे 5 किमी की रन फोर फन आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में कई नामी धावक भाग लेंगे और विजेताओं को 15 लाख से अधिक राशि के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि मैराथन से पहले 22, 23 और 24 फरवरी की दोपहर तक लेजर वैली में मैराथन एक्सपो का आयोजन होगा, जिसमें पंजीकृत धावकों को किट बांटी जाएंगी। इस किट में टी-शर्ट, बिब, पिन, रूट मैप, आवश्यक जानकारी के लिए एक पंपलेट सहित स्पोंसर कंपनियों की ओर से उपहार दिए जाएंगे। मैराथन-2024 के दौरान मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

# दबंगता से प्लॉट पर कब्जा करने वाले 8 आरोपियों पर केस दर्ज

**सोहना।** भांडसी थाना पुलिस ने जबरन प्लाट पर कब्जा करने वाले दो नामजद समेत 8 आरोपियां के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियां द्वारा प्लाट मालिक के साथ मारपीट करने के साथ जान से मार देने की धमकी देने का आरोप। गोहाना मूल निवासी सुनील ने भांडसी थाना में दो नामजद समेत 8 युवकों के खिलाफ दबंगता से प्लाट पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुनील ने पुलिस को बताया कि उसने भांडसी की श्याम कुंज कॉलोनी में एक 100 वर्गगज का प्लाट लिया हुआ है। वह उसकी चार दीवारी करा रहा है।

पिछले 4 दिन से भांडसी निवासी विजय और अमित उसके प्लाट पर आते हैं। उसे निर्माण कार्य बंद करने और प्लाट को खाली कर देन की बातें कहकर चले जाते। लेकिन शुक्रवार को अमित व विजय अपने साथ 6 अन्य युवकां को लेकर प्लाट पर पहुंचे। जिन्होंने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। उसे उसके साला व साली के लड़का ने बचाया। आरोपी प्लाट न छोड़ने पर जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# कन्या कालेज की एथलीट मीट में छात्रा स्नेहा बनीं बेस्ट एथलीट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


राजकीय कन्या महाविद्यालय में बेस्ट एथलीट को सम्मानित करते अतिथि।

**राजकीय** कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में दो दिवसीय 60वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉ. पुष्पा अंतिल ने मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर वीरेंद्र अंतिल और शिक्षाविद् डॉक्टर अशोक यादव का अभिनंदन किया। बेस्ट एथलीट बीए प्रथम वर्ष की छात्रा स्नेहा रही।

महाविद्यालय की सेंकड़ों छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का प्रारंभ सबसे पहले 800 मीटर की रेस से हुआ। इसमें सोनम प्रथम, रानी द्वितीय और अनीता तृतीय स्थान पर रही। अतिथियों ने इन विजेताओं को स्वर्ण रजत व कांस्य पदक से सम्मानित किया। डाक्टर रितू तोमर ने मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के जीवन परिचय से अवगत करवाया। मुख्य अतिथि डॉक्टर वीरेंद्र अंतिल ने जीवन में खेलों की उपयोगिता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है। शारीरिक, मानसिक रुप से स्वस्थ रखता है।

उन्होंने प्राचार्य डॉक्टर जितेंद्र मलिक का विशेष रुप से धन्यवाद किया, उन्होंने उन्हें इन सुनहरी यादों को संजोने का अवसर दिया। उप-प्राचार्या ने महाविद्यालय परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि व अन्य सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। हाई जंप में स्नेहा प्रथम, ज्योति द्वितीय व सोनू तृतीय स्थान पर रही। जेवलिन थ्रो में राखी प्रथम, रश्मि द्वितीय व भावना तृतीय स्थान पर रही। स्टाफ रेस पुरुष में प्रोफेसर गगनेश प्रथम, प्रोफेसर राजेश बेनीवाल द्वितीय व प्रोफेसर राजेश तृतीय रहे।

स्टाफ महिला रेस में प्रोफेसर अर्चना हुड्डा प्रथम, प्रोफेसर पूजा यादव द्वितीय व प्रोफेसर सुमन खरब तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर रेस में स्नेहा प्रथम, दीपीपाल द्वितीय, साक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। म्युजिकल चेयर रेस में डाक्टर वीरेंद्र अंतिल मुख्य अतिथि ने प्रथम और प्रोफेसर अशोक यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत



**सोहना।** सोहना सदर थाना का गांव भोगपुर निवासी 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में फांसी लगने से मौत हो गई। मृतक के परिजनां ने विवाहिता के पति व सास पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को सोहना सदर थाना का गांव भोगपुर में 26 वर्षीय विवाहिता ऊषा की संदिग्ध हालत में गले में लगा फांसी के फंदे से मौत हो गई। जिसकी सूचना मृतम महिला के माइकां वालां ने सदर थाना सोहना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को बेड से कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। मृतक विवाहिता ऊषा की करीब 8 साल पहले बिशन के साथ हुई थी। गांव सतलाका निवासी गिर्राज ने ऊषा की शादी में अपनी हैसियत से दान दहेज दिया था। ऊषा के पति बिशन ने पुलिस को बताया कि वह गार्ड की नोकरी करता है। शुक्रवार की जब वह शाम को घर पहुंचा तो उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने अपने दोस्त को बुलाकर कमरे का बंद दरवाजां को खुलवाने में मदद ली। अंदर उसकी पत्नी ऊषा फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। ऊषा के गले में जिस दुपट्टा से फंदा लगा था। उसे काटकर नीचे उतारने के बाद बेड पर लिटा था। विवाहिता के भाई सागर ने बताया कि बिशन ऊषा को शादी के बाद से परेशान करता रहा है। सागर ने बताया कि उसकी बहन को बिशन और उसकी मां ने मिलकर मारा है।

# नौनिहालों की प्रतिभा देख खुशी से झूमे माता-पिता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सेक्टर-22 स्थित रोटरी पब्लिक स्कूल में प्री-अभिभावक दिवस कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

**सेक्टर-22** स्थित रोटरी पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी अभिभावक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम से संदेश दिया गया कि इस दुनिया में सबसे बहुमूल्य और खूबसूरत क्षण अपने माता-पिता की मुस्कान का कारण बनना है। अपने नौनिहालों की प्रतिभा देखकर माता-पिता खुशी से झूमे उठे।

स्कूल की डायरेक्टर प्रधानाचार्या संदीपा राय, उप-प्रधानाचार्या अनीता नांदल और हेड मिस्ट्रेस, अंजू तलवार ने बच्चों द्वारा पेश किए गए कार्यक्रमों को सराहा। प्री-प्राइमरी कक्षा के टीम लीडर ने अपनी प्रस्तुति में पूरे वर्ष बच्चों की प्रगति और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के मधुर उच्चारण द्वारा सर्वशक्तिमान के प्रति श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ हुई। प्ले स्कूल प्रारंभ के सबसे कम उम्र के सदस्यों ने मंच पर आकर अपनी मासूमियत और उत्साह से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत किया तो माहौल उत्साह से भर गया। यूकेजी के छोटे सितारों द्वारा चित्रित पौराणिक कहानियों के माध्यम से नाटक के जादू ने रामायण से गहन ज्ञान और कालातीत शिक्षा, धर्मो रक्षति रक्षितः को उजागर किया। प्री-प्राइमरी (समन्वयक) कॉर्डिनेटर रजनी बिष्ट ने सभी को अभिभावक दिवस की शुभकामनाएं दीं व आभार जताया।

# कारोबारी के नौकर का अपहरण कर 70 हजार रुपये की नकदी और मोबाइल फोन लूटा


सीसीटीवी कैमरे में कैद एक आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भांडसी** थाना के गांव रिठौज में भवन निर्माण सामग्री बिक्रेता के नौकर का अपहरण कर गाड़ी सवार 4/5 बदमाशां ने 70 हजार रुपये नकदी व मोबाइल फोन लूट लिया। बदमाश युवक को पास के गांव महेन्द्रवाड़ा में गाड़ी से उतार फरार हो गए। पुलिस ने भवन निर्माण सामग्री बिक्रेता की शिकायत पर एक नामजद समेत अन्य बदमाशां के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भांडसी से दमदमा जाने वाले मार्ग पर गांव रिठौज निवासी महेश खटाना की सड़क किनारे भवन निर्माण सामग्री बेचने का कारोबर है। उक्त कारोबार पर महेश खटाना ने मुस्ताक नौकर रखा हुआ है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे गाड़ी वहा आकर रुकी और नौकर मुस्ताक को थप्पड़ मारते हुए गाड़ी में बैठाकर पास के गांव महेन्द्रवाड़ा में ले गए। वहां पर मुस्ताक के पास रखें 70 हजार रुपये व उसका मोबाइल फोन लूट लिया। नकदी व मोबाइल फोन लूटने के बाद मुस्ताक को फिर से थप्पड़ मारते हुए महेन्द्रवाड़ा में सड़क किनारे छोड़कर भाग गए।

पीडित नौकर मुस्ताक ने किसी राहगिर की मदद से कारोबारी महेश खटाना को फोन पर मारपीट, लूट व अहपरण की सूचना दी। महेश खटाना मुस्ताक को महेन्द्रवाड़ा से लेने के बाद भांडसी थाना में पहुंचा। जहां महेश खटाना ने अपहरण और लूट करने वालां के खिलाफ शिकायत देते हुए मामला दर्ज कराया है। महेश खटाना ने पुलिस को बताया कि वह मुस्ताक को 70 हजार रुपये किसी को सामान का भुगतान करने के लिए देकर गया था।

> “पुलिस ने भवन निर्माण सामग्री बेचने वाले कारोबारी महेश खटाना की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियां की पहचान और उनकी गिरफ्तारी करने में जुट गई है।
>
> (महेन्द्र सिंह-प्रभारी थाना भांडसी)


अपहरण का शिकार मुस्ताक।

## सीसीटीवी कैमरे में हुई वारदात कैद

**कारोबारी** महेश खटाना की शिकायत मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और कारोबारी की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से आरोपियां को पहचाना गया। कारोबारी महेश खटाना ने एक आरोपी की पहचान करते हुए उसका नाम पुलिस को रविन्द्र उर्फ खिल्लू निवासी रिठौज बताया है।

# मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने ब्लडलेस लिवर ट्रांसप्लांट के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिससे सामान्य तौर पर अस्पताल में भर्ती रहने की तुलना में काफी कम समय में अपने घर जा सकेंगे मरीज

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / आगरा

**मैरिंगो** एशिया हॉस्पिटल्स ने सर्जरी के लिए ब्लडलेस तकनीक का उपयोग करके और सबसे कम समय में अपने मरीजों को अस्पताल से छुट्टी देकर लिवर ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद और गुरुग्राम में 10 मरीजों का लिवर ट्रांसप्लांट किया गया है, साथ ही मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद में भी इसी तकनीक से सफलतापूर्वक 5 लिवर ट्रांसप्लांट किए गए हैं।

मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ग्रुप में लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी सर्जरी के डायरेक्टर, डॉ. पुनित सिंगला और उनकी टीम ने इस असाधारण सर्जिकल प्रक्रिया के लिए वेर्फेन तकनीक का उपयोग किया। डॉ. पुनीत को इस प्रक्रिया में मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में लिवर ट्रांसप्लांट एनेस्थीसिया के प्रमुख- डॉ. ऋषभ जैन का सहयोग मिला। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने इस तकनीक की शुरूआत करते हुए न केवल भारत में, बल्कि एशिया में भी सबसे पहले ब्लडलेस ऑर्गन ट्रांसप्लांट, हार्ट ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को पूरा किया।

ब्लडलेस ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया बिल्कुल नई और बहुत अधिक उन्नत विधि है, जिसमें मरीज का अपना खून सुरक्षित रखा जाता है और उसके शरीर में वापस डाल दिया जाता है। ब्लडलेस सर्जरी में बाहर से खून चढ़ाने या डोनर का ब्लड कम्पोनेंट्स लेने की जरूरत नहीं होती है। इस तरह सर्जरी के दौरान, सर्जन किसी भी तरह से होने वाले खून के नुकसान को कम करने के लिए सावधानीपूर्वक तकनीकों और नवीन प्रक्रियाओं को अपनाते हैं, जिससे ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। ब्लडलेस ऑर्गन ट्रांसप्लांट सर्जरी की प्रक्रिया बहुत अधिक जटिल होती है, जिसके लिए उच्च स्तर की चिकित्सीय विशेषज्ञता और एक अनुभवी टीम की जरूरत होती है। शरीर से बाहर निकलने वाले खून का अंदाजा लगाने और उसे कम करने के लिए इन प्रक्रियाओं का बिल्कुल सही और सटीक होना बेहद जरूरी है, ताकि ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत नहीं हो। डॉ. राजीव सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं ग्रुप सीईओ, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स कहते हैं, “हमारे अस्पतालों में वेर्फेन तकनीक के जरिये किए गए लिवर ट्रांसप्लांट की संख्या हमारे लिए बड़े गौरव की बात है।


डॉ. पुनीत सिंगला, डायरेक्टर-लिवर ट्रांसप्लांट प्रोग्राम, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स

# गन्ने की फसल के लिए धानुका एग्रीटेक लाई खरपतवारनाशक ‘टाईजोम’

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

**अग्रणी** कृषि-रसायन कंपनी धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने एक नया खरपतवारनाशक ‘टाईजोम’ लांच किया है, जो गन्ने की खेती को नुकसान पहुंचाने वाले सभी प्रकार के खरपतवारों को नियंत्रित करने के साथ-साथ अधिकतम उपज लेने में किसानों की सहायता करेगा। कंपनी ने 10 मोबाइल ऑडियो-विजुअल वैन भी लांच की, जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में किसानों को गन्ने की खेती के लिए सर्वश्रेष्ठ कृषि-रसायन के उपयोग के विषय पर जागरूकता फैलाने का काम करेंगी। टाईजोम को लांच करते हुए धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक (जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर) श्री राहुल धानुका ने कहा, “टाईजोम हमारे गन्ने की खेती से सम्बंधित समाधानों को और भी मजबूती देगा। यह खर-पतवार को नियंत्रित करने के लिए किसानों को एक प्रभावकारी टूल देखर उनकी आय में वृद्धि में सहायक होगा।”

“यह नवाचार के प्रयासों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और किसानों की आय में वृद्धि की दिशा में हमारे अनवरत प्रयासों का ही एक उदाहरण है,” उन्होंने कहा। श्री धानुका ने आगे बताया कि आने वाले महीनों में किसानों की सहायता हेतु कंपनी और भी समाधान लांच करेगी। जापान के निसान केमिकल कारपोरेशन के सहयोग से लांच किया गया ‘टाईजोम’ एक ऐसा अद्वितीय खरपतवारनाशक है, जिसकी अनूठी संरचना (कम्पोजीशन) और तत्व गन्ने की खेती में खरपतवार नियंत्रण की क्रांति लाने में सक्षम है। ‘टाईज़ोम’ के दो मुख्य सक्रिय तत्व ‘हेलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल 6 प्रतिशत’ और ‘मेट्रिब्यूज़िन 50 प्रतिशत डब्ल्यूजी’ संकरी पत्ती, चौड़ी पत्ती और साइपरस रोटडंस (मोथा) जैसे खरपतवारों को नियंत्रित रखने का प्रभावकारी समाधान है। इस तरह यह गन्ने की खेती की पैदावार बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। भारतीय किसानों की आवश्यकता पूर्ति के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और फसल सुरक्षा प्रोडक्ट सेगमेंट में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के प्रयासों के तहत धानुका एग्रीटेक द्वारा 6 बायोलॉजिकल, 2 खरपतवारनाशक और 1 कीटनाशक उत्पाद (प्रोडक्ट) के लांच के बाद ‘टाईजोम’ इस वित्तीय वर्ष में लांच किया जाने वाला दसवां प्रोडक्ट है।

# मानेसर नगर निगम क्षेत्र के दो गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा


मानेसर नगर निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जानकारी लेते ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को नगर निगम मानेसर क्षेत्र के गांव कांकरौला, कुकडौला पहुंची। ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई।

इन दो गांवों में हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रमों में आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। साथ ही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, स्वामित्व योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, कॉमन सर्विस सेंटर, फर्स्ट एड के पंजीकरण के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए।

# डाबर हर्बल हर मुस्कान को खूबसूरत बनाने के लिए प्रयासरत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** के सबसे बड़े क्लेफ्ट-फोकस्ड ओर्गेनाइजेशन स्माइल ट्रेन इंडिया की पहल को समर्थन प्रदान करते हुए डाबर हर्बल ने क्लेफ्ट से प्रभावित लोगों की समस्याओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए उनके साथ हाथ मिलाया है। स्माइल ट्रेन इंडिया 70 से अधिक देशों में क्लेफ्ट से प्रभावित लोगों की मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी करता है और उन्हें जरूरी देखभाल प्रदान करता है।

अपनी इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने क्लेफ्ट से प्रभावित महिलाओं की तस्वीरें इकट्ठा कीं और ब्राण्ड्स को प्रोत्साहित किया कि अपने कम्युनिकेशन्स में इन तस्वीरों का इस्तेमाल करें। “भारत की सबसे पुरानी आयुर्वेदिक कंपनियों में से एक डाबर ने ओरल हेल्थ (मुंह के स्वास्थ्य) से जुड़ी इस समस्या को दूर करने और भारत को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। हमें खुशी है कि इस बदलावकारी पहल के लिए हमें स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ जुड़ने का मौका मिला है। हम प्रोडक्ट्स के दायरे से आगे बढ़कर लोगों के समग्र कल्याण को सुनिश्चित करना चाहते हैं और स्माइल ट्रेन के साथ मिलकर हम लाईफस्टाइल एवं ग्रूमिंग सेक्टरों में क्लेफ्ट से प्रभावित लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना चाहते हैं।” श्री अगस्तस डेनियल, मार्केटिंग हैड- ओरल केयर, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा। डाबर हर्बल ने स्माइल ट्रेन इंडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई तस्वीरों के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर क्रिएटव्स की एक सीरीज़ शुरू की है।




इस पहल के माध्यम से डाबर हर मुस्कान को खूबसूरत बनाने और क्लेफ्ट पीड़ितों की चुनौतियों को हल करने के लिए प्रयासरत है। डाबर हर्बल और स्माइल ट्रेन इंडिया की यह साझेदारी प्रोडक्ट प्रोमोशन के दायरे से कहीं बढ़कर है। यह क्लेफ्ट पीड़ितों की बाधाओं और उनसे जुड़ी गलत अवधारणाओं को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम है। इन मुस्कानों को डिजिटल स्पेस पर दर्शाकर डाबर हर्बल और स्माइल ट्रेन इंडिया दुनिया को ऐसा स्थान बनाना चाहते हैं जहां हर मुस्कान को सम्मान दिया जाए और इसका जश्न मनाया जाए। डाबर हर्बल अन्य ब्राण्ड्स को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है और यह संदेश देना चाहता है कि हर मुस्कान अपने आप में खूबसूरत है और सम्मान की हकदार है।

# इंदौर की दवा कंपनी जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसई (NSE) पर 19 फरवरी को खुलेगा आईपीओ, कंपनी जुटाएगी 41 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इंदौर** ख्यात फार्मा कंपनी जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसई पर आईपीओ आ रहा है। 19 फरवरी को सुबह आईपीओ खुलेगा। 22 साल पुरानी कंपनी इस आईपीओ से करीब 41 करोड़ रुपए एकत्र करेगी। कंपनी अपने 51 लाख से अधिक शेयर जारी करने जा रही है, इसकी प्रारंभिक कीमत 75 से 79 रुपए होगी। शेयर से मिलने वाली राशि में से करीब 11 करोड़ रुपए से कंपनी के प्लांट मैं विस्तार किया जाएगा। निदेशक अजयसिंह दासुंदी ने बताया, आईपीओ 22 फरवरी को बंद होगा। आईपीओ की मैनेजर ग्रेटेक्स कॉपोरेट सर्विसेज मुंबई है। कंपनी 2001 से दवा निर्माण और व्यापार करती है। 2023 में कंपनी 114.52 करोड़ रुपए की बिक्री कर 5.15 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल अर्धवार्षिक करीब 69.40 करोड़ की बिक्री से 5.39 करोड़ का फायदा हो चुका है। कंपनी के तीन पार्टनर अजयसिंह दासुंदी, संदीप भारद्वाज और भूपेष सोनी हैं। तीनों ने फार्मेसी की पढ़ाई साथ में की और पिछले 22 साल से साथ में जैनिथ कंपनी साथ में चला रहे हैं। कंपनी देश में दवाओं के सप्लाय के साथ ही बड़ा मात्रा में एक्सपोर्ट भी करती है। प्रधानमंत्री जन औषधी, सहकारी राज्य बीमा निगम, रक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग को भी दवाओं का सप्लाय किया जाता है। मप्र के अलावा राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, पंजाब सहित अन्य प्रदेशों में दवाओं की सरकारी सप्लाय कर रही है। कंपनी को विगत 7 वर्षों से WHO का प्रमाण पत्र हासिल है। कंपनी के पूरे देश में 3 हजार से अधिक स्टॉकिस्ट जो दवाओं की बिक्री करते हैं।

डायरेक्टर अजयसिंह दासुंदी सेल्स एवं मार्केटिंग का काम देखते है, जिन्होने कॅरियर की शुरूआत ग्लेक्सो और डॉ. रेड्डी जैसी कंपनी में सेल्स व मार्केटिंग से की है। कंपनी का आगामी विजन सेल्स व मार्केटिंग का खुद की फ्रेंचाईसी देश में खोलने के साथ ही डिजीटल मार्केटिंग से अपने उत्पाद को स्थापित करना है।

डायरेक्टर संदीप भारद्वाज ने फार्मेसी करने के बाद दवा व्यापार को लेकर एमबीए किया है। कंपनी की ईकाईयों का संचालन व वित्त से संबंधित काम देखते हैं। संदीप ने बताया, कंपनी अपनी यूनिट का विस्तार करने जा रही है जिससे यहां टेबलेट का उत्पादन एक करोड़ प्रतिदिन क्षमता का हो जाएगा। जुलाई 24 से नई इकाई का उत्पादन संभावित है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 18 फरवरी, 2024



# धरातल पर आ रही हैं 7047 करोड़ की 84 परियोजनाएं

## 6994 व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार का अवसर: डीएम

संवाददाता। चित्रकूट



**सीएम** योगी की मंशानुरूप बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले चित्रकूट के औद्योगिक विकास में जुटे जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि औद्यौगिक क्षेत्र में चित्रकूट जल्द ही नए आयामों को छुएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए प्रस्तावों पर अब कार्य शुरू होने की तैयारी हो चुकी है। 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में 7047.37 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की शुरुआत होगी। इसमें 84 निवेशक अपने प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करने जा रहे हैं। शनिवार को डीएम श्री आनंद ने बताया कि गत वर्ष जनवरी-फरवरी में जनपद स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। चित्रकूट में निवेश के लिए चित्रकूट व आसपास के जनपदों के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर की कई कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई थी। जिसके अंतर्गत 279 एमओयू हस्ताक्षरित हुए थे। अब समिट में आए प्रस्तावों को जमीन पर लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी को लेकर 19 फरवरी को लखनऊ में तथा प्रदेश के सभी जनपदों में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है। चित्रकूट में भजन संध्या तथा तहसील मानिकपुर परिसर में भी लखनऊ में होने वाले मुख्य आयोजन का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को भव्य बनाने के लिए विभागीय अधिकारी और प्रशासन जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 279 एम.ओ.यू. धनराशि 47391.97 करोड पर हस्ताक्षर हुए है। जिसमें 24707 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि जीबीसी के लिए 7047.37 करोड लागत की 84 परियोजनाएं अब धरातल पर आने के लिए तैयार हैं। जिसमें लगभग 6994 लोगों को रोजगार मिलेगा। जनपद के बड़े प्रोजेक्ट में अतिरिक्त ऊर्जा श्रोत विभाग के अन्तर्गत टुस्को लिमिटेड द्वारा धनराशि 4700 करोड,उद्यानिकी विभाग के अन्तर्गत शाहस्त्रभुज फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा धनराशि 500 करोड तथा शुक्ला एंटरप्राइजेज द्वारा 200 करोड़ व उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत वरूण बेवरेज लिमिटेड द्वारा धनराशि 496 करोड़ के प्रोजेक्ट संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त पर्यटन के क्षेत्र में श्री बिंदीराम होटल के द्वारा 25 करोड़ व राम कृपा हॉस्पिटल के द्वारा 5 करोड़ के प्रोजेक्ट जनपद में संचालित करने की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि निवेशकों के लिए तहसील मानिकपुर व मऊ क्षेत्र में भूमि का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें तहसील मानिकपुर में 22 गॉव के 482.818 हेक्टेयर व तहसील मऊ में 19 गॉव के 192.194 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी है। जनपद में दो बड़े औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी भूमि चिन्हांकित की गई है।जिसमे यूपीईआईडीए के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर हेतु विकास खंड पहाड़ी में 300 हेक्टेयर तथा यूपीएसआईडीए के लिए 70 हेक्टेयर बरगढ़ क्षेत्र में अधिग्रहण की कार्यवाही प्रचलित है।

# डीएम-एसपी ने किया पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट



**जिले** के 15 केन्द्रों में शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गयी। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द और पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती केन्द्र द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के 15 केन्द्रों पर हुई। इस दौरान परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने चित्रकूट इण्टर कॉलिज, जनसेवा इण्टर कॉलिज, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज, कालिका देवी इण्टर कॉलिज पुरवा तरौंहा, भैजनाथ भरद्वाज सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज, जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, शिवाजी इण्टर कॉलिज चितरा गोकुलपुर, पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलिज पहाड़ी, छत्रपति शाहू जी महाराज इण्टर कॉलिज रगौली, कृषक इण्टर कॉलिज भौंरी, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, त्यागी इण्टर कॉलिज ऐंचवारा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्रों पर संचालित सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम का जायजा लेने के बाद केन्द्र व्यवस्थापक सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा सुचिता पूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यहां जो भी परीक्षार्थी आए हैं, उनके सामान को भी सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने बताया कि 15 परीक्षा केन्द्रों में चार सेक्टर मजिस्ट्रेट और 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जनपद चित्रकूट में विभिन्न जनपदों से आए कुल 34752 अभ्यर्थियों को चार पालियों में परीक्षा देना है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने भी शिवाजी इण्टर कॉलिज चितरा गोकुलपुर, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर, डॉ भीमराव अम्बेडकर इण्टर कॉलिज बरवारा आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

# सत्र न्यायाधीश ने खारिज की झोला छाप डॉक्टर की जमानत

संवाददाता। चित्रकूट

**बिना** डिग्री के अस्पताल में मरीज का आपरेशन करने के मामले में पकड़े गए आरोपी की जमानत प्रभारी सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने खारिज कर दी है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह ने बीती 8 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस टीम के साथ राजापुर के हेल्थ हेवेन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। यह अस्पताल निरीक्षण में निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं मिला और अस्पताल संचालक द्वारा पंजीकरण सम्बन्धी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अलावा निरीक्षण के समय कौशाम्बी जिले के महेवा घाट का निवासी ओम प्रकाश वहां भर्ती एक मरीज भूरा का हाइड्रोसील का आपरेशन करते हुए पाया गया। ओम प्रकाश के पास चिकित्सा सम्बन्धी कोई भी प्रमाण पत्र नहीं था। जिसके बाद अस्पताल का दवा भण्डारण कक्ष, आपरेशन थ्रीएटर कक्ष शील कर दिया गया। साथ ही वहां लगे डीवीआर और अभिलेख भी शील कर दिए गए। इस मामले में बिना डिग्री के आपरेशन कर रहे ओम प्रकाश को जेल भेजा गया था। अधिवक्ता के जरिए आरोपी ने न्यायालय सत्र न्यायाधीश के यहां जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रभारी सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को आरोपी ओम प्रकाश का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# सांसद आर के सिंह पटेल की नातिन किंजल सिंह ने जेईई मेंस की परीक्षा में हासिल की आल इंडिया रैंक

## 12वीं की कक्षा की छात्रा ने परीक्षा पास कर देश में लहराया चित्रकूट का परचम

संवाददाता। चित्रकूट

**बांदा**-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की नातिन किंजल सिंह ने जेइइ मेंस की परीक्षा-2024 में 99.63 प्रतिशत अंक हासिल कर देश भर में चित्रकूट का परचम लहराया है। किंजल सिंह को मिली इस बडी कामयाबी से परिजनों के साथ-साथ जिले में खुशी की लहर है।

सांसद पटेल की नातिन किंजल सिंह चित्रकूट जिले के अर्जुनपुर गांव की निवासी है। जेइइ मेंस की परीक्षा-2024 की परीक्षा में किंजल ने अपनी मेद्या का परचम लहरा कर 99.63 प्रतिशत अंक के साथ आल इंडिया में अपना स्थान बना कर चित्रकूट को गौरवान्वित किया है।



किंजल का कहना है कि सतत प्रयास से सफलता मिलना तय है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए सही मार्गदर्शन और सतत अभ्यास सबसे अहम है। असफलता को ही सफलता का मार्ग बनाने की जरूरत है। खुद पर भरोसा करके लक्ष्य साधने में जुटे रहने की जरूरत है। सफलता होने की संभावनाएं कभी रुकती नहीं है। शुरुआत दौर से ही सतत अभ्यास की आदत डालने की जरूरत है।यह भी कहा कि पुस्तकों से दोस्ती जरूरी है। किसी भी तरह का डाउट हो तो उसका मार्गदर्शन जरूर लें। इसमें किसी तरह की हिचक नहीं होनी चाहिए। उन्होने सफलता का श्रेय अपने बाबा हरी प्रसाद सिंह,नाना बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल,मामा सुनील सिंह,डा0सुधीर सिंह,इं0राजेश सिंह समेत सभी परिजन व गुरूजनों को दिया है।वहीं विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल,व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी,यूपी जर्नलिस्ट एसोएिशन के जिलाध्यक्ष रतन पटेल आदि ने किंजल सिंह को देश भर में चित्रकूट को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी है।

# छात्र-छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर

**शाहजहांपुर।** जी एफकॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की मिश्रित छात्र.छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर कम्प्पोजिट विद्यालय दिलाजाक में लगाया गया। विशेष शिविर के तीसरे दिन शाहजहांपुर के यात्रिकर अधिकारी मोहम्मद आरिफ खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने परिवहन के अंतर्गत आने वाले समस्त कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दीएउन्होंने बताया कि सड़क परिवहन से जुड़कर हम समाज व देश की सेवा में योगदान दे सकते हैं और भारतवर्ष को विकसित देश बना सकते हैं।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के कार्यो की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। दूसरे चरण में कालेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने सभी स्वयंसेवियों को एनएसएस का महत्व समझाया और बताया कि प्रत्येक स्वयंसेवी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ कौसर जमाल ने किया।

# `जगदगुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ मिलने पर प्रसन्नता की लहर



**चित्रकूट।** विश्व की विलक्षण प्रतिभा के धनी, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के संस्थापक, जीवन पर्यन्त कुलाधिपति पूज्य गुरुदेव जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज को भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। निजी सचिव कुलाधिपति आरपी मिश्रा ने बताया कि गुरुदेव आज लगभग शैक्षणिक जगत में शिक्षाविदों के लिए अमूल्य धरोहर है। साथ ही धार्मिक क्षेत्र में भी भारत में विशिष्ट महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने वर्तमान तक लगभग 250 ग्रंथों का लेखन प्रणयन किया है, जो भारतीय समाज उन्हें युगों-युगों तक याद करेगा। उनके द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों में साहित्य सेवा, दिव्यांग जन सेवा, संत सेवा, गौ सेवा, भक्तों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने से उनके द्वारा संचालित तुलसीपीठ सेवा न्यास और तुलसी प्रक्षा चक्षु बधिर विद्यालय, कामता व जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राए ने बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित किया। इस मौके पर युवराज आचार्य रामचन्द्र दास, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय, कुलसचिव मधुरेंद पर्वत, डॉ मनोज पांडेय, डॉ विनोद मिश्रा, डॉ महेंद्र उपाध्याय, एस पी मिश्रा, डॉ ज्योति वैष्णव, डॉ विशेष दुबे, हरिश्चंद्र मिश्रा, दलीप कुमार, रवि प्रकाश शुक्ला, डॉ रजनीश सिंह, हरिंद्र मोहन मिश्र, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ रीना पांडेय, डॉ नीतू तिवारी, डॉ प्रतिमा शुक्ला आदि ने शुभकामनाए दी। इस आशय की जानकारी प्रभारी पीआरओ सुधीर कुमार ने दी।

## परिवार नियोजन की जागरूकता हेतु रवाना हुए सारथी वाहन

**शाहजहाँपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के गौतम द्वारा परिवार नियोजन के जनजागरूकता के लिए अर्बन क्षेत्र में प्रचार प्रसार हेतु सारथी वाहन को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहाँपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरवकेव गौतम द्वारा बताया गया कि यह वाहन शहर में परिवार नियोजन का प्रचार प्रसार करेगा ।सारथी वाहन के माध्यम से परिवार नियोजन के स्थायी साधन ; महिला और पुरुष नसबंदी द्ध और अस्थायी साधन ; अंतरा ए छाया ए पीपीआईयूसीडी ए आईयूसीडी ए कंडोम आदि गर्भनिरोधक साधनद्ध के बारे में समुदाय को जागरूक किया जाएगा द्य इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा जिला शिक्षा एवं सूचना अधिकारीए पुष्पराज गौतम डीसीपीएमए अनिल कुमार गंगवार डीएफ्रीएलएमए बिपिन सिंह उपस्थित रहे।

## मेंडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन में 25 के समाधान की मांग की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड मुरारी दीक्षित ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉमरेड मुरारी दीक्षित ने कहा की बिक्री संवर्धन कर्मचारियों का शोषण बंद हो। हमारे कार्य करने के अधिकार पर हमला ना बोला जाए। हमारी निजता का हनन न हो। दवाओं और मेडिकल डिवाइसेज पर जी एस टी ना लिया जाए। कार्यक्रम में शाहजहांपुर के जिला सचिव कामरेड विजय मिश्रा ने कहा कि आगामी 11 मार्च को हम लोग अपनी मांगों को लेकर लखनऊ में एक रैली भी निकालेंगे। जिसमें पूरे प्रदेश से हमारे साथी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सह सचिव आशित मिश्रा एकोषाध्यक्ष विकास तिवारीएसह सचिव सी एल तिवारीए कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंहएसोनू सिंहएपंकज मिश्राएअजय त्रिवेदी आदि साथी उपस्थित रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण



संवाददाता। शाहजहाँपुर

**आरक्षी** नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती पर जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रो पर अयोजित की जा रही है। जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार मीणा ने संयुक्त रूप से शनिवार दिनांक 17 फरवरी को जनपद में बनाये गये सभी परीक्षा केन्द्रो पर प्रथम पाली में पहुंच कर सुरक्षा के दृष्टिगत सभी सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय इण्टर कालेज, इस्लामिया इण्टर कालेज, आर्य महिला इण्टर कालेज, द मन्सूरी इन्टरनेशनल स्कूल, देवी प्रसाद इण्टर कालेज, जनता इण्टर कालेजए स्वामी सुकदेवानन्द लॉ महाविद्यालय, राजकीय पॉलीटेक्निक, सरस्वती विद्या मन्दिर, सुदामा प्रसाद विद्यास्थली तथा फूल सिंह शिक्षा निकेतन इण्टर कलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूमए जेमर सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। सभी परीक्षा केन्द्रो पर सुचारू रूप से परीक्षा संचालित पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रो पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक मौजूद पाये गये।

# दिव्यांगजनों की समस्याओं के निदान के लिए ज्ञापन

संवाददाता। शाहजहॉपुर

**दिव्यांग** वृद्ध एवं निराश्रित महिलाएं ने अध्यक्ष वा प्रदेश सचिव नीरज के साथ कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को सौंपा

इसके साथ ही समस्या का समाधान न होने पर दिव्यांग जन वृद्ध एवं निराश्रित महिलाएं आन्दोलन की बात कही । ज्ञापन में मांग की गई हैं कि दिव्यांग, बृद्ध, एवं निराक्षित महिलाओं की मासिक पेंशन 5000/ रूपये प्रति माह की जाये। तथा दिव्यांग जनों के अंतोदय एवं आयुष्मान कार्ड बनबाए जायें। विकास खण्ड, सरकारी अस्पताल अथवा अन्य सरकारी संस्थानों में मौजूद कैन्टीन को दिव्यांग जनों के लिए आरक्षित कराते हुए आत्मनिर्भर बनाया जाए। ज्ञापन में कहा गया है दिव्यागं शादी अनुदान दो गुना किया जाए। दिव्यांग जनो को रोजगार हेतु मिलने वाला ऋण 50,000 रूपये किया जाए। जिससे दिव्यांग जन रोजगार कर सकें। विकास खण्डए सरकारी अस्पताल एवं अन्य सरकारी संस्थान में संचालित कैण्टीन दिव्यांग जनों को आरक्षित की जाएं। जिससे दिव्यांग जनों को रोजगार प्राप्त हो सके। सरकारी संस्थानों एवं गैर संस्थानों में 4 प्रतिशत आऱक्षण पूरा कराते हुए दिव्यांग जनों की भती सुनिश्चित करायी जाए। परिवहन निगम की बसों में आये दिन हो रही दिक्कत को दूर कराया जाएं परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समिति के पदाधिकारियों की बैठक कराकर समस्या का निदान कराया जाए। जनपद शाहजहॉपुर की प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर दिव्यांग जन एवं कमजोर परिबार के लिए जैसे सिलाई कढाई बुनाई कम्प्यूटर कोर्स सेण्टर खुलबायें जाए। जिससे दिव्यांग जन हुनरमंद होकर रोजगार परक बन सके। दिव्यांग जनों को शौचालय आवास विजली पानी ऋण आदि सुविधाएं दिलवायी जाएं क्योंकि वर्तमान ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम प्रधान दिव्यांग जनों को सरकार की महत्वपूर्ण योजना आवास शौचालय दिव्यांग जनों का नाम सूची में भेजते है। जिससे दिव्यांग जनों को भारी समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए मेरा सुझाव है। अन्य योजनाओं की तरह ग्रामीण क्षेत्रो के आवास भी आनलाईन किये जाए। जिससे ग्राम प्रधान का हस्तक्षेप खत्म हो इस मौके पर मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष नलिनी ओमर महानगर अध्यक्ष वेद प्रभा बाजपेई उपाध्यक्ष हेमा कश्यप नन्ही देवी फूलमती अशोक कुमार रामदेव सुरेश प्रेमादेवी किरन देवी श्री देवी बनवारी लाल सुरेश संजय कृष्णपाल पुष्पा सुभाष नरेश लिखनी जमुना देवी शिवानी वीरपाल सत्यपाल नीरूदेवी लालाराम सुनील कुमार मौजूद रहे।

# किसान 21 को चार राज्यों में धरना देंगे: राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में धरना देंगे। टिकैत ने यह भी बताया कि शनिवार को यहां सिसौली में हुई पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा से सरकार द्वारा किसानों की मांगें नहीं माने जाने पर 26 और 27 फरवरी को दिल्ली तक ट्रैक्टर मार्च निकालने को कहा गया है। पंचायत ने हरियाणा और पंजाब में हुई घटनाओं की भी निंदा की है। यह पंचायत संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा बुलाए गए किसानों के दिल्ली चलो मार्च के बीच आयोजित की गई थी। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए ैन्यायै, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार पर दबाव डालने के लिए किसान पंजाब और हरियाणा के दो सीमा बिंदुओं पर मौजूद हैं जहां उनकी हरियाणा के पुलिस कर्मियों के साथ झड़प हुई है और पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। यहां पंचायत में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए टिकैत ने कहा कि किसानों के हित के लिए टिकैत परिवार के सदस्य किसी भी बलिदान के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिसौली में हुई पंचायत में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड से भाकियू के 30 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

# दोषी को मृत्युदंड

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज की एक अदालत ने नाबालिग लड़की सहित दो लोगों की हत्या के 10 वर्ष पुराने एक मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा, अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने शुक्रवार को बैजनाथ (38) को दो व्यक्तियों की हत्या का दोषी पाया और उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 2.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि चन्नीपुर गांव के राजेंद्र कुमार चौधरी की शिकायत पर दो अप्रैल, 2014 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि वह अपनी बेटी (14) और बड़े भाई निर्मल चौधरी के साथ खेत पर काम कर रहा था। तभी बैजनाथ ने तेज धारदार हथियार से उसकी बेटी और भाई पर हमला किया और उनकी हत्या कर दी। अदालत ने कहा, यदि बैजनाथ को मृत्युदंड के बजाय कोई और सजा दी जाती है तो यह समाज के लिए अन्याय होगा।

# महिला अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस

**बाराबंकी।** आज सेम्बोसिस ला स्कूल नागपुर, इन्स्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज श्रीराम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी, अमेरिकन इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश एवं जस कार्पस के संयुक्त तत्वावधान के अन्तर्गत द्वितीय वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस प्रासंगिक समाज में महिलाओं के अधिकार शीर्षक पर वर्चुअली सम्पन्न हुई जिसमें देश विदेश से बहुत से विद्वान स्कालरों, विशेषज्ञों एवं छात्र छात्राओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए तथा पैनलिस्ट और आगंतुक सहभागियों के शंकाओं का भी निष्पादन किया। कान्फ्रेंस का शुभारंभ जूम प्लेटफार्म पर एंड आयुष पांडेय संस्थापक जस कार्पस के द्वारा संस्था के रूप एवं उद्देश्य के साथ अन्तरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस के क्षेत्र एवं परिचय से शुरू किया गया। तत्पश्चात की नोट स्पीकर प्रोफेसर रोहित पी साबरन (डायरेक्टर इन्स्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी) के द्वारा कान्फ्रेंस के शीर्षक एवं विषय पर एक रोचक व्यक्तव्य दिया गया। वहीं प्रो. असना अहमद एवं डॉ. सुखविंदर सिंह डारी के द्वारा क्रमश: विषय पर और भी प्रकाश डाला गया तथा महिलाओं की स्थिति एवं सुधरते हालतों का विश्लेषण किया गया। तत्पश्चात आठ चरणों में तकनीकी प्रकल्पों में प्रतिभागियों द्वारा अपने अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा सम्मिलित श्रोताओं के द्वारा उक्त जानकारी का अनुश्रवण किया गया। प्रत्येक तकनीकी प्रकल्पों का संचालन उत्तम निपुणता पूर्वक किया गया। जस कार्पस की साक्षी बाथम ने सहसंयोजक की भूमिका में कार्यक्रम की सारणी का समयानुसार निर्वहन करवाया। उक्त विस्तृत कार्यक्रम के संचालन के लिएए श्रीराम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी बाराबंकी के चांसलर पंकज अग्रवाल, प्रो. चांसलर पूजा अग्रवाल एवं बाइस चांसलर डॉ. डीके शर्मा के द्वारा सभी आयोजकों की रचनात्मकता एवं शैक्षणिक योग्यता की प्रशंसा करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों का और विस्तार से आयोजन कराने का मंतव्य रखा गया।

# सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के दोषी पांच व्यक्तियों को आजीवन कारावास

संवाददाता। महाराजगंज

**यहां** की एक अदालत ने पांच व्यक्तियों को 12 साल की एक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का दोषी करार देने के बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक विनोद सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को पंकज साहनी, विवेक, गोविंद चौहान, सोनू और राम नारायण राजभर को एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के 2021 के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि अदालत ने इन दोषियों में प्रत्एक पर 90,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। पुलिस के मुताबिक, जिले में पुरेन्दरपुर पुलिस थाना अंतर्गत खालिकगर गांव में 18 जनवरी, 2021 को पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी और जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किया था।



# अज्ञात हमलावरों ने व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की

**शाहजहांपुर (उप्र)।** जिले के परौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि तिलकपुर गांव निवासी राजवीर (38) की शुक्रवार रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। राजवीर लोगों को बैंकों से ऋण दिलाने में मदद किया करते थे। पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने राजवीर को तीन बार गोली मारी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच शुरू की गई है। इसने कहा कि मृतक के परिजनों ने इस घटना के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं बताया है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4

# सीएम योगी ने तैयारियों का लिया जायजा, अफसरों को दिए दिशा-निर्देश

- पीएम समेत अन्य वीआईपी मेहमानों के बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में ली जानकारी ली
- कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिरगांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जीबीसी-4 को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नए इनोवेशन के जरिए 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दर्शाया जा रहा है। इसके तहत स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए जा रहे हैं। 70 मीटर लंबा तथा 20 मीटर ऊंचा बन रहे इस इवेंट को 56 कंटेनरों को एक के ऊपर एक रखकर बने स्ट्रक्चर के टेंट में परिवर्तित करते हुए मेन पैवेलियन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा। पिछले वर्ष फरवरी माह में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 भव्य आयोजन हुआ था। इस आयोजन के मात्र एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है। इससे 34 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध होने के साथ ही 14000 से अधिक परियोजनाएं मूर्त रुप लेंगी।

# धान क्रय में लापरवाही बरती तो दोषियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाईः मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने की धान खरीद की समीक्षा
- 7.82 लाख किसानों को किया गया 11170.55 करोड़ रुपए का भुगतान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीद की समीक्षा की। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि धान विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने क्रय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतएव यदि धान क्रय में लापरवाही बरती जाती है तो दोषी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

प्रदेश सरकार द्वारा 7.82 लाख किसानों को 11170.55 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। धान खरीद के लिए 70 लाख मीट्रिक टन धान का क्रय लक्ष्य निर्धारित है। क्रय एजेंसी खाद्य व रसद विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मंडी परिषद व भारतीय खाद्य निगम द्वारा 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इस एवज में किसानों के बैंक खाते में 11170.55 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया है। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति कुंतल तथा धान ग्रेड-ए का मूल्य 2203 प्रति कुंतल रुपए निर्धारित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 व पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली नवंबर से 29 फरवरी तक धान खरीद की जाएगी।

कुल 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें धान बिक्री के लिए 1045946 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया। 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई और इसके तहत 11170.55 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया गया। क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जा रहा है। मानवीय हस्तक्षेप समाप्त होने से धान प्रेषण एवं सीएमआर डिलीवरी की स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार आया है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण में प्रथम बार अधिक खरीद वाले 40 जनपदों में जीपीएस युक्त वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी सतत् मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी किया जा सके।

सीएम हेल्पलाइन, खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर/ टोल फ्री नम्बर, प्रदेश, मंडल व जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम द्वारा धान क्रय में आने वाली किसी भी कठिनाई का त्वरित गति से समाधान कराया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन से 91842 किसानों को कॉल कर फीडबैक प्राप्त कर धान बिक्री व भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कराया गया। खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर पर धान खरीद से सम्बन्धित कुल 1118 प्राप्त शिकायतों में से 1090 निस्तारित हैं, शेष 28 का निस्तारण कराया जा रहा है।

# अन्नपूर्णा भवन के नाम से जानी जाएंगी राशन मॉडल शाप

- प्रदेश में 2072 राशन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य शुरू, 29 बनकर तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में अब तक 2072 कार्य प्रारंभ कराये जा चुके हैं, जबकि इनमें से 39 राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) बनकर तैयार भी हो चुकी हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित दर दुकानों को लेकर बड़ा यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में राशन की 75 दुकानों को मॉडल शॉप (उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केंद्र) के रूप में तब्दील किये जाने का कार्य प्रगति पर है। आजादी के अमृत काल में प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उसमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए उन्हें राशन मॉडल शॉप विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सरकारी जमीन पर इन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह भवन मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे हैं। इस भवन को पूर्ति विभाग के मानकों के आधार पर तैयार किया जा रहा है। इसमें एक हॉलए एक प्रतीक्षालय के साथ साथ जनसेवा केंद्र संचालन की व्यवस्था की जा रही है। उचित दर विक्रेताओं की दुकानें कहीं-कहीं संकरी गलियों में होने के कारण खाद्यान्न वाहन और आम जनमानस को दुकान तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के इस दूरगामी सोच से ग्राम सभाओं में अब मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) के विकसित होने से खाद्यान्न वाहन और आम जनमानस की पहुंच आसान होने जा रही है।

ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा उचित दर दुकानों के माध्यम से विद्युत देयकों का भुगतान, सीएससी सेवाएं, पीएम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं की बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गई है। बरेली जनपद द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार मॉडल शॉप के रूप में एक दुकान के निर्माण में 8.46 लाख रुपए की अनुमानित आर्थिक लागत का आंकलन उपलब्ध कराया गया। इसमें प्रयुक्त सामग्री की अनुमानित लागत 6.97 लाख रुपए सामग्री मद पर खर्च होंगे। श्रमिकों पर आने वाली अनुमानित लागत 1.49 लाख रुपए की धनराशि सम्मिलित है। निर्मित उचित दर दुकान का कुल क्षेत्रफल 484 वर्ग फीट होगा। दुकान के समक्ष बरामदा व प्रतीक्षा शेड की व्यवस्था की गई है। एक भाग में उचित दर की दुकान होगी।

इसमें खाद्यान्न संग्रहण की भी व्यवस्था है। स्टोर के दूसरे भाग में जन सुविधा केंद्र एवं जनरल स्टोर का संचालन किया जाएगा। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अन्नपूर्णा भवन यह उचित दर दुकान (अन्नपूर्णा भवन) अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी।

# भाजपा झूठे आंकड़ों के सहारे दिखा रही विकसित भारत का सपनाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा प्रबंधन का षड्यंत्र करके लोकतंत्र के विरूद्ध साजिश करने में लगी रहती है। उसकी नीतियां जनविरोधी हैं और लगातार वादा खिलाफी करके उसने जनता को अपने खिलाफ कर लिया है। पीडीए एजेंडा के सामने भाजपा एनडीए टिक नहीं सकती है। भाजपा को जनता इस बार करारा जवाब देगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यह बात शनिवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का दावा है कि विश्व में भारत की पांचवी अर्थव्यवस्था है। यदि देश पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है। किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है, भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना 'संकल्प पूरा नहीं किया' इसकी जगह भाजपा ने किसान के उपयोग में आने वाली खाद बीज, बिजली सब महंगी कर दी।

अखिलेश यादव ने कहा कि सन् 2022 में जनता ने समाजवादी सरकार बनाने के लिए वोट दिया था। भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग करके जनता के साथ विश्वासघात किया। जनता भाजपा का चालाकियों से भली भांति परिचित हो गई है। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार जनता दोबारा नहीं बनने देगी। जनता इस बार पूरी ताकत से समाजवादी पार्टी को विजयी बनाएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां जनहित की है। समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश में विकास के कार्य हुए थे। भाजपा सरकार में तो एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। समाजवादी सरकार में जो विकास कार्य हुए थेए उन्हीं कार्यों को भाजपा अपना काम बताकर झूठी वाहवाही लूट रही है। यादव ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

# डीजीपी ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर लिया व्यवस्था का जायजा

## पूरी तरह निष्पक्षता व शुचिता के साथ हो रही आरक्षी भर्ती परीक्षाः प्रशांत कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आरक्षी** नागरिक पुलिस 2023 सीधी भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाओं को परखने के लिए डीजीपी प्रशांत कुमार ने शनिवार को लखनऊ के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा को सकुशल एवं शुचिता पूर्ण कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए उल्लेखनीय है कि सिपाही के 60 हजार से अधिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए शनिवार और रविवार को दो पालियों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा के पहले दिन शनिवार को डीजीपी प्रशांत कुमार लखनऊ के महामना मालवीय विद्या मंदिर इंटर कालेज विवेक खण्ड-1 गोमतीनगर, जेएमडी पब्लिक हायर सकेण्डरी नबाबपुरवा विवेक खण्ड-2 गोमतीनगर के परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।

डीजीपी ने ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आरक्षी भर्ती के इस महाकुंभ में लगभग 48 लाख से भी अधिक बच्चे परीक्षा में सम्मलित हो रहे है। सभी वरिष्ठ अधिकारी व पुलिस कर्मचारी तथा प्रशासन द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेटगण सुबह से भ्रमणशील है।

परीक्षा बहुत सुचारू रूप से चल रही है। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष व शुचितापूर्ण हो इसके लिए सारी व्यवस्थायें की गयी है तथा सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस भर्ती के बाद जो अभ्यर्थी पुलिस बल में शामिल होगें, आने वाले समय में जहां भी ड्यूटट सम्पादित करेगें, उससे देश व प्रदेश का नाम रोशन होगा।

### फार्मा हब बनने को तैयार यूपी, 4 दिग्गज कंपनियां करेंगी निवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को फार्मा हब बनाने की योगी सरकार की नीतियां देश की नामचीन मेडिकल कंपनियों को काफी रास आ रही हैं। इसके चलते प्रदेश में फार्मा सेक्टर की दिग्गज कंपनियां बड़े स्तर पर निवेश के लिए उत्सुक हैं। इसी क्रम में तेलंगाना की चार दिग्गज फार्मा कंपनियों ने प्रदेश में करोड़ों रुपए के निवेश की तैयारी की है। साथ ही ये कंपनियां ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास व उत्तर प्रदेश को फार्मा सेक्टर का हब बनाने के रोडमैप पर भी कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी को योगी सरकार ने हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया था। इसमें उत्तर प्रदेश में ड्रग व फार्मा मैनुफैक्चरिंग कल्चर को बढ़ावा देने और सरकार द्वारा बनाई गई फार्मा पॉलिसी के साथ ही दी जा रही सहूलियतों के बारे में जागरूकता का प्रसार किया गया। यही कारण है पिछली सरकारों में अवहेलना का दंश झेल रहा उत्तर प्रदेश अब दिग्गज फार्मा कंपनियों की व्यापक उपस्थिति के साथ ड्रग व फार्मा सेक्टर में भी देश का ग्रोथ इंजन बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हैदराबाद में 18 जनवरी को आयोजित किए गए फार्मा कॉन्क्लेव के जरिए योगी सरकार ने प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने और बड़ा हब बनाने की अपनी मंशा जाहिर की थी।

## परीक्षार्थी को पालतू कुत्ते ने किया घायल, सिपाही भर्ती परीक्षा छूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिहार** के पटना से सिपाही भर्ती में आए परीक्षार्थी को एक पालतू कुत्ते द्वारा काटकर घायल कर दिया गया। एनी बेसेंट परीक्षा केंद्र में जाते समय कुत्ते के काटने से परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे सका। गोमतीनगर में जींस पैंट को फाड़कर कुत्ते के दांत घुस गए, दर्द से कराह रहे परीक्षार्थी को इलाजदेकर राहत दिलायी। नाराज परीक्षार्थी द्वारा 112 पर शिकायत कर हर्जाना वसूला गया। यह घटना शनिवार सुबह गोमती नगर के विनय खंड एक में घटी जब युवक नजदीकी कॉलेज एनी बेसेंट मैं परीक्षा देने जा रहा था। सुबह 9.30 के करीब परीक्षा देने जा रहे राजेश यादव पर कुत्ते हमलावर हो गए। देखते ही देखते कुत्ते ने युवक के जीन्स का कपड़ा फाड़ कर पैर को जख्मी कर दिया। इस बीच स्थानीय समाज सेवी बीके पाण्डे ने पीड़ित युवक को मेडिकल सुविधा प्रदान करवाया। मौके पर लोगों ने उसका बचाव किया।

इस दौरान गुस्सा हुए युवक ने तुरंत 112 पर फोन मिला कर पुलिस को बुला लिया। कुत्ते के कटने के कारण उसकी परीक्षा भी छूट गई। मौके पर गोमती नगर थाने की पुलिस ने पहुंच कर कुत्ते के मालिक और युवक में समझौता करवाया। मालिक ने युवक 1500 रुपए इलाज के लिए दिए। तब जाकर मामला शांत हुआ। तब जाकर युवक ने अपनी शिकायत को वापस लिया। इस बीच स्थानीय समाज सेवी बीके पाण्डे ने पीड़ित युवक को मेडिकल सुविधा प्रदान करवाया।

## सर्विलांस से संदिग्ध नंबरों पर कड़ी नजर

**एसटीएफ** और पुलिस का दस्ता परीक्षा केंद्रों के आस पास और एक किमी के दायरे में सर्विलांस की मदद से एक्टिव मोबाइल नंबरों पर नजर रखे है। संदिग्ध नंबरों की तफ्तीश में भी टीमें लगाई गई हैं। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए साइबर क्राइम सेल की टीम लगी है।

## कड़ी सुरक्षा व सीसीटीवी की निगरानी में हो रही परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पुलिस** भर्ती परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है, इसके लिए सभी केंद्रों को विशेष हिदायत दी गयी है। सभी केंद्रों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय पुलिस और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

वहीं इंटरनेट पर अफवाहें न उड़े इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। साथ ही अभ्यर्थी के पास इलेक्ट्रानिक डिवाइस मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। राजधानी में 133 केंद्रों पर सिपाही भर्ती की परीक्षा शुरू हुई है। सीसी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जा रही है। एसटीएफ और पुलिस बल की साल्वरों पर पैनी नजर रही। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई। परीक्षा से करीब पौने घंटे पहले ही केंद्र में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाने लगा। गोमतीनगर में महामना इंटर कालेज में डीजीपी प्रशांत कुमार पहुंचे। उन्होंने कहा पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई जिलों में परीक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने वालों, ठगने वालों की गिरफ्तारी भी हुई है। इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा शुरू होने से ही केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कर्मी माइक से एनाउंस करते रहें कि कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक घड़ी, डिवाइस अथवा अन्य उपकरण केंद्र के अंदर लेकर न जाए। अभ्यर्थी के पास इलेक्ट्रानिक डिवाइस अथवा उपकरण मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में दिखेगा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का फर्स्ट लुक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**19** फरवरी को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के अवसर पर प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही यूपी की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी का फर्स्ट लुक देख सकेंगे। सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी को लोगों के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए सरकार की ओर से जीबीसी 4.0 आयोजन स्थल पर स्टॉल आवंटित किया गया है। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। स्टॉल में प्रोटोटाइप और कर्व स्क्रीन के माध्यम से इंटरनेशनल फिल्म सिटी की खूबियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को फिल्म सिटी के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान बेव्यू कंपनी के डायरेक्टर और बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर के साथ ही भूटानी ग्रुप के आशीष भूटानी और अली चैटली भी मौजूद रहेंगे।

# उपेक्षा का शिकार पीएचसी खंडहर में हुआ तब्दील, हो सकता है बड़ा हादसा




**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**भले** ही राज्य सरकार द्वारा जनपद के विकास के लिये करोड़ों रुपयों का बजट पास कर दिया गया हो लेकिन नगर गुरसहायगंज के मुख्य चौराहे जीटी रोड पर स्थित पनगवां ट्रस्ट की भूमि पर सरकार द्वारा संचालित वर्षों पुराना नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शासन व स्वास्थ्य विभाग तथा राजनेताओं की अनदेखी उदासीनता तथा सुविधाओं के अभाव के चलते जर्जर और बदहाल हालत मे वर्षो से पहुंच चुका है।

बताते चलें कि खस्ता हाल अस्पताल भवन मे मरीजो की सुविधा के लिये कोई भी चारपाई तथा मरीजो का भर्ती रूम की सुविधा न होने के साथ ही बरसात के मौसम मे कर्मचारियों और चिकित्सक आवास तथा एएनएम का आवास और पेशाब घर व शौचालय सुविधाओ के अभाव के चलते अनदेखी और अपेक्षा के कारण पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके है। अस्पताल में लगा हैण्डपम्प लगने के समय से ही खराब पड़ा है अस्पताल के प्रांगढ मे टूटे आवासो का कचड़ा तथा डाले जाने वाला कूड़ा और कचड़ा अस्पताल की दुर्दशा को और भी अधिक खराब बना रहा है। वहीं निजी गाड़ी मालिक गाड़ियो को लाकर खड़ा कर देते है जिससे प्रसव के लिये आने वाली महिलाओ और उनके तीमारदारो को बड़ी कठिनाइयां होती है। अस्पताल भवन के साथ ही सभी कमरे जर्जर होकर खडडर बन चुके है। जर्जर भवन में मरीजों को चिकित्सकीय सुविधायें मुहैया कराने वाले चिकित्सक व स्टाफ भी डर कर कार्य कर रहे हैं। सत्ताधारी नेताओ के लिये यह अस्पताल आयना बन चुका है। जबकि कोरोना काल में मरीजो की देखरेख के बनाये गये नवीन कक्ष को अभी तक विभाग को हैण्डओवर नही किया गया है। जिससे चिकित्सक व स्टाफ जर्जर भवन में मरीजों को देख रहे हैं।

# महानिदेशक ने गैर हाजिर शिक्षकों के खिलाफ दिये कार्रवाई के आदेश

**हमीरपुर।** पिछले दिनों शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में चार माह तक चलाये गये विशेष निरीक्षण अभियान में एक शिक्षक के चार मर्तबा गैर हाजिर होने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के आदेश महानिदेशक ने दिये है। इस कार्यवाही में सुमेरपुर क्षेत्र के दो शिक्षक घेरे में आये है।

जानकारी के मुताबिक शासन ने पूरे प्रदेश में सभी परिषदीय विद्यालयों में मह सितम्बर से लेकर दिसम्बर 23 तक विद्यालयों के स्थलीय निरीक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया था। जिसमे कुछ शिक्षक कई कई बार अनुपस्थित पाये गये थे। इसकी रिपोर्ट बीएसए महानिदेशक ने प्रेरणा पोर्टल पर मांगी थी,जिसमे पूरे प्रदेश से काफी तादाद में शिक्षकों का नाम सामने आये थे जो निरीक्षण अभियान में चार चार मर्तबा अनाधिकृत रुप से गैर हाजिर पाये गये थे, हमीरपुर जिले में सुमेरपुर क्षेत्र से शिक्षक बीरेंद्र दिवेदी व सत्येंद्र कुमार गुप्ता का नाम सामने आया है जो चार मर्तबा गैर हाजिर पाये गये है। शिक्षकों की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुये महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा है कि ऐसे शिक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा है कि इनके खिलाफ उचित कार्रवाही कर प्रेरणा पोर्टल पर फीड करे ताकि शिक्षक भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करें और स्कूल का पठन पाठन नियमित रुप से हो सके। बीएसए आलोक सिंह ने बताया कि विशेष अभियान में शिक्षकों को सूचना दी गयी थी कि वह विद्यालय में उपस्थित होकर पठन पाठन करे इसके बाद भी कई शिक्षक गैर हाजिर पाये गये थे। मगर दो शिक्षक ऐसे थे जो अभियान में चार मर्तबा अनुपस्थित रहे थे। इस मामले में महानिदेशक ने बीएसए के अलावा मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक को भी कार्यवाही का आदेश दिया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने किया परीक्षा केंद्रों का गहन निरीक्षण

**संवाददाता।** बांदा



**17 फरवरी** जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा को जनपद में सकुश लर्दग से आयोजित कराये जाने हेतु जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने आर्यकन्या इण्टर कॉलेज बांदा का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्र के कन्ट्रोल रूम से संचालित हो रही परीक्षा को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं तथा 20 कक्षों में परीक्षा करायी जा रही है। जिलाधिकारी ने परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा उनके बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी लेते हुए सतर्कता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके उपरान्त सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज केनपथ क्योटरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्र में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में निगरानी रखने के निर्देश स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी ने आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र में परीक्षा को पूरी सुचिता के साथ सुचारु रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संचालित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केन्द्र में सम्पन्न हो रही परीक्षा को चेक किया। उन्होंने कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण करते हुए कन्ट्रोल रूम से परीक्षा कक्ष की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र प्रवेश के दौरान चेकिंग में पायी गयी सामग्री को जमा किये जाने की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन करते हुए व्यवस्थित रूप से रखे जाने के निर्देश दिये।

# मिशन 2024 की तैयारी में जोरशोर से जुटें पार्टी कार्यकर्ता: अमन खान



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी नेतृत्व द्वारा नगर निवासी अमन खॉन की संगठन के प्रति कार्यकुशलता व निष्ठाभाव के चलते समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड गई। युवा सपा नेता अजीम सिददीकी ने नव मनोनीत सयुस प्रदेश सचिव के आवास पर पहुंचकर जोरदार स्वागत किया। शनिवार को नगर के जीटी रोड स्थित आवास कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे युवा सपा नेता अजीम सिददीकी ने नव मनोनीत समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव अमन खॉन को फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इसके उपरान्त आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर रणनीति तय की। इस दौरान कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण जनता का भाजपा से मोहभंग हो चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जी जान से जुटकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियों व नीतियों की जानकारी देकर जागरूक करनें के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर शादाब खॉन, अनीश खॉन, जाकिर, आमिर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत की मोक्षदायिनी कथा का श्रवण करना सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म: जितेन्द्र

**संवाददाता।** कानपुर देहात



श्रीमद् भागवत पुराण को भगवान कृष्ण का साहित्यिक अवतार माना जाता है, यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने शनिवार को भटौली गांव में बृजेन्द्र सिंह गौर उर्फ वीरू गौर द्वारा अपने परिवार संग आयोजित गयाभोज के अवसर पर आयोजित भागवत कथा के समापन अवसर पर कही।उन्होंने कहाकि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास और भगवान के प्रति भक्ति गहरी होती है।इसके सुनने से ईश्वरीय भक्ति, साधना, ध्यान, परोपकार के बाद पश्चाताप नहीं आनंद आत्म संतोष की अनुभूति प्राप्त होती है।

अमृत से मीठा कुछ है तो वह भगवान का नाम है।जितेन्द्र चौहान ने कहाकि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है, यह भगवान का वांग्मय स्वरूप है, जो जन्म जन्मांतर के पुण्य उदय होने पर प्राप्त होता है। कहाकि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण को मोक्ष के द्वार का रास्ता माना है। कलयुग में आयु कम है। इसलिए भागवत कथा श्रवण से मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। राजा पारीक्षित को कथा श्रवण के सात दिन बाद मोक्ष मिला था।भटौली गांव के पूर्व प्रधान दीपू मिश्रा ने कहाकि हर मनुष्य को समाज में अच्छा काम करना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है। बुरे कर्म करने वाले को बुरा फल मिलता है। इसलिए सभी को अच्छा कर्म ही करना चाहिए। भागवत को सुनने से पाप नष्ट होता है।इस अवसर पर अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव,पूर्व प्रधान दस्तमपुर हुकुम सिंह, दिनेश सिंह गौर, धीरू गौर , ब्यास जी मृत्यंजय, मनोज यादव प्रधान ,अमित शुक्ला ,सुनील सिंह, सत्येंद्र शर्मा, सन्तोष ,चन्द्रभान आदि भारी संख्या में श्रद्धालू जन रहे।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** थाना रूरा पर दिनांक 6.11.2022 को मुकदमा पंजीकृत किया गया था । जिसमें थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 17.02.2024 को ग्राम जिनई चौराहा थाना क्षेत्र रूरा से मुकदमा उपरोक्त में साक्ष्य के आधार पर प्रकाश में आये 1 नफर अभियुक्त अरूण कुमार दोहरे पुत्र लाला राम दोहरे निवासी ग्राम रसवल रावत गाँव थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है। अभियुक्त अरूण कुमार दोहरे पुत्र लाला राम दोहरे निवासी ग्राम रसवल रावत गाँव थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात उम्र 48 वर्ष ने पूछने पर बताया कि मेरी पुत्री रूचि का चाल चलन ठीक नही था कई बार मैने अपनी पुत्री को समझाया था परंतु वह नहीं मानी तो दिनांक 09.10.2022 की रात्रि को मैने अपनी पुत्री के साथ मारपीट की थी तथा गला घोटकर हत्या कर दी।

## क्विक न्यूज

### आर्थिक तंगी के चलते युवक फांसी पर झूला

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम अरतरा में बीती रात आर्थिक तंगी के चलते एक अधेड़ ने गांव के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के रमाशंकर (38) पुत्र बिंदा प्रसाद ने शुक्रवार की देर रात गांव के बाहर पानी की टंकी के समीप लगे एक नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना का कारण गृह कलह व आर्थिक तंगी माना जा रहा है। मृतक अपने पीछे चार पुत्रों समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव का पंचनामा भर उसके परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रही युवती की ट्रक से कुचल कर मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बे में अपने गांव से भाई के साथ बाइक से पुलिस की परीक्षा देने जा रही युवती की बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गयी। आरोपी ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से भागने में सफल रहा। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम भैंस्ता निवासी गुड़िया (19) पुत्री कृष्ण प्रसाद यादव शनिवार को अपने भाई कौशल उर्फछोटू के साथ बाइक में बैठ विद्या मंदिर हमीरपुर पुलिस की परीक्षा देने जा रही थी जैसे ही उनकी बाइक नगर के तहसील मार्ग में स्टेट बैंक के समीप पहुंची थी तभी पीछे से आ रहे ओवरलोड बालू लादे बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे गुड़िया बाइक से उछलकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। ट्रक के पहिए से कुचलने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। इधर छोटू ने लोगों की मदद से लहुलुहान गुड़िया को किसी तरह लेकर अस्पताल पहुंचा जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतका पांच बहनों व दो भाइयों में सबसे छोटी थी। वह काफी अरसे से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही थी। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### राजपुर में विकास खंड स्तरीय वृहद रोजगार मेला आयोजित

**कानपुर देहात।** मिशन निदेशक, उप्र कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार कौशल विकास मिशन, आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन द्वारा संयुक्त रूप से आज 17.02.2024 को विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला विकास खण्ड परिसर राजपुर कानपुर देहात में आयोजित किया गया। उक्त रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन एवं आई0टी0आई0 उत्तीर्ण व गैर तकनीकी प्रशिक्षार्थियों/अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में आर एम मैन पावर, पुखराज हैल्थ केयर प्रा0लि0, सकन स्टील आदि कुल 07 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में कुल 276 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से उपरोक्त कम्पनियों द्वारा 276 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया उपरोक्त अभ्यर्थियों में से 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया जिसमें से हरि मोहन गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी, अजय कुमार गुप्ता सहायक विकास अधिकारी जी के करकमलो से 10 अभ्यर्थियों को चयन पत्र वितरित किये गये । उपरोक्त कार्यक्रम में कौशल विकास मिशन से आशुतोष कुमार पाल जिला कार्यकम प्रबंधक, राजेश कुरील आई0टी0आई0 अनुदेशक भोगनीपुर दिनेश कुमार यादव आई0टी0आई0 अनुदेशक, जिला सेवायोजन कार्यालय से विवेक एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थिति रहे। अगला रोजगार मेला विकास खण्ड सन्दलपुर कानपुर देहात में दिनांक 22.02.2024 को आयोजित किया जायेगा।

### दादा-दादी, नाना-नानी दिवस मनाया गया

**कानपुर देहात।** दादा-दादी बच्चों के समग्र विकास के क्रम में सबसे अधिक जुड़ी हुई इकाई हैं। केवी माती इस संबंध का जश्न मनाकर इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में आज दिनांक 17-02-2024 को पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस मनाया गया। जिसमे बच्चों के दादा-दादी एवं नाना-नानी ने भाग लिया 7 कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य ए0 एच0 अंसारी, दादा-दादी एवं नाना-नानी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किये गए जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को परिलक्षित कर रहे थे। दादा-दादी एवं नाना-नानी हेतु खेल-प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें प्रमुख रूप से म्यूजिकल चेयर खेल आयोजित किया गया जहाँ दादा-दादी एवं नाना-नानी ने खूब आनंद लिया, विजित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गए। दादा-दादी एवं नाना-नानी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए संस्कृति एवं संस्कार पर जोर दिया ,जो कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है 7 माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास में दादा-दादी एवं नाना-नानी के बहुमूल्य योगदान पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य , मुख्याध्यापक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# लैपटॉप तथा आधा दर्जन मोबाइल सहित तो गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने चोरी के आधा दर्जन मोबाइल व एक लैपटॉप सहित दो शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनका न्यायालय के लिए चालान कर दिया। थानाध्यक्ष मेरापुर नवीन कुमार सिंह नें अपनी टीम के साथ जनपद एटा के नयागाँव सराह अगहत निवासी करन नायक पुत्र निबोध नायक व फर्रुखाबाद थाना मेंरापुर निवासी मान पाल पुत्र राम निवास को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियो के पास 6 मोबाइल फोन व एक एचपी कंपनी का लैपटॉप पुलिस नें बरामद किया। पकड़े गये आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मोबाइल व लैपटॉप को मैनपुरी के भोगांव के एक ग्राम से चोरी किये हैं। आरोपी नायक पर बीते दो महीनें के भीतर तीन मुकदमे हैं।

# राम कथा का श्रवण करने से नष्ट होते हैं पाप: सुरेश अवस्थी



**लखीमपुर खीरी।** राम कथा के श्रवण पान से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं यह बात कल्लुआ मोती में चल रहे 45 वे गायत्री महायज्ञ के पांचवें दिन सुप्रसिद्ध कथावाचक सुरेश चंद्र अवस्थी ने कहीं। तहसील मितौली के अंतर्गत ग्राम कल्लुआ मोती में मां गायत्री सेवा संस्थान के तत्वतधाम धाम में आयोजित की गई पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम की श्रृंखला में आज चतुर्थ दिवस पर सुप्रसिद्ध कथावाचक सुरेश चंद्र अवस्थी ने राजा हरिश्चंद्र की कथा का श्रोताओं को श्रवण पान कराया , हरिश्चंद्र ने धर्म का पालन करने और वचनों को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर पत्नी और बच्चे के साथ काशी जाकर डोम के घर पानी भरा खुद को बेचकर भी उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी धर्म का पालन किया। ऋषि विश्वामित्र द्वारा राजा हरिशचंद्र के धर्म की परीक्षा लेने के लिए उनसे दान में उनका संपूर्ण राज्य मांग लिया गया था। कथावाचक सुरेश अवस्थी ने कहा मानव का सबसे बड़ा धर्म गरीब,निर्धन,असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए। इस दौरान गायत्री महायज्ञ की कमेटी के सद्स्य आयोजक सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। यह गायत्री महायज्ञ 14 फरवरी से चल रहा है और 19 तक चलेगा।

# सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जनपद** खीरी में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को दो सत्रों में सख्त पहरे में यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर के साथ कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम सत्र में 14856 एवं द्वितीय सत्र में 14825 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (डॉन बॉस्को स्कूल, अब्दुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गोमती इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर परीक्षा केंद्रों डॉन बॉस्को स्कूल, आर्यकन्या इंटर कालेज, पीके कॉलेज, वाईडी कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

बताते चले कि जनपद के 35 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 16848 के सापेक्ष पहली पाली में 14856 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1992 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 14825 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 2023 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 18 फरवरी को भी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दो सत्रों में परीक्षा आयोजित होगी।

# समूहों के बैंक खातों से धोखाधड़ी करने वाली सखियों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

## 7 लाख 34 हजार रुपए के गबन का है मामला

## ठगी की शिकार 80 महिलाएं लगा रहीं थाने के चक्कर

**संवाददाता।** ढखेरवा, खीरी

**विकासखंड** रमियाबेहड़ के विभिन्न गांवों में संचालित सात स्वयं सहायता समूहों के बैंक अकाउंट से धोखाधड़ी कर 7 लाख 34 हजार रुपए गमन करने के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई न होने के कारण ठगी का शिकार हुई समूह की महिलाएं थाने के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

ज्ञात हो कि विगत दिनों पढुआ थाने पर सात स्वयं सहायता समूहों की करीब 80 महिलाओं ने पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर समूह की तीन सखियों पर धोखाधड़ी कर समूहों के बैंक अकाउंट से 7 लाख 34 हजार रुपये गमन करने का आरोप लगाया था।

महिलाओं ने पुलिस को बताया था उनके विभिन्न गांवों में पूजा, संतोष सिंह, सीता, जय मां काली, लक्ष्मी देवी और संगम प्रेरणा आदि के नाम से स्वयं सहायता समूह संचालित है। जिनके बैंक अकाउंट से तीन समूह सखियों ने समूह में शामिल 80 महिलाओं को सूचना दिए बगैर धोखाधड़ी कर बैंक अकाउंट से 7 लाख 34 हज़ार रुपए निकाल कर गमन कर लिया है। इसके साथ ही महिलाओं ने एक और आरोप लगाते हुए बताया था कि उक्त समूह सखी अपनी मनमानी दिखाते हुए किसी कार्य की जानकारी नहीं देती है। जिससे उन्हें समूह से कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। धोखाधड़ी कर समूहों के बैंक खातों से इतनी बड़ी रकम गमन करने वाली सखियों पर कोई कार्रवाई न होने से समूह की महिलाओं में पुलिस प्रशासन के प्रति मायूसी व्याप्त है और वह न्याय पाने के लिए थाने के चक्कर लगाने को मजबूर हो गई हैं।

इस संदर्भ में एसओ हरिकेश राय ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपित सखियों के प्रति कार्रवाई की जाएगी।

रमियाबेहड़ में संचालित स्वयं सहायता समूहों के बैंक खातों से धोखाधड़ी कर 7 लाख 34 हजार रूपये गमन करने का मामला भले ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है लेकिन ब्लॉक के जिम्मेदार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय के कर्मचारी मामले में कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं। उनका चुप्पी साधना संदेह के घेरे में है।

## पैसे के लेनदेन को लेकर युवक को चाकुओं से गोदा

**मौदहा, हमीरपुर।** पैसे के लेन देन को लेकर एक दोस्त ने युवक की चाकुओ से गोदकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक(एएसपी) मायाराम वर्मा ने बताया कि प्रशांत कुमार उर्फ आकाश(23) पुत्र शिवदास निवासी मौदहा, अपने दोस्त रोहित के साथ बैठा था, तभी एजाज उर्फइज्जु पुत्र इकबाल हाथ मे डंडा लेकर आया और आकाश से पैसा मांगने लगा, जिसका आकाश ने कोई जवाब नहीं दिया तो उसपर डंडे बरसाने शुरू कर दिया, जिसपर आकाश ने डंडा पकड़ लिया तभी मौका देख इज्जु ने अपनी कमर से चाकू निकाल आकाश के सीने पर ताबड़तोड़ कई प्रहार कर मौके से भाग गया।

लहूलुहान हालत में पड़ा देख आसपास मौजूद लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी व कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरु कर दी है।

# मुशायरे में आये शायरों ने महफिल में बांधा समां

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**वह** दिया भी शामिल था मेरा घर जलाने में, मेरे हाथ जल गए जिसको बचाने में जब यह शेर हाशिम फिरोजाबदी ने इरशाद फरमाया तो मुशायरे की महफिल तालियों की गड़गड़ाहत से गूंज गई। मोहगा शमशेर खानी ग्राउंड पर मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

एक शाम रईस अहमद के नाम से शहर में मुशायरा व कवि सम्मेलन में देश के नामचीन शायर व कवियों ने पहुंचकर समां बांधा। श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान अली, सपा नेता हाजी अहमद अंसारी ने मुशायरे व कवि सम्मेलन की शुरुआत शमां रोशन कर की। शायरा शहिस्ता परवीन ने जब बाग मे कोयल बोली साजन आ गए गीत पढ़ा तो लोग वाह वाह करने को खड़े हो गए।

शायरा आयशा खुशनसीब ने मैं खुशनसीब हूं मैं हिंदुस्तानी हूं गीत पढ़ लोगों का दिल जीता,अजमल मकनपुरी ने मुक्तक पढ़ा,मैं अपने चार दिन बचाऊ तो किस तरह, तूफान टहल रहा है मेरे घर के आस–पास। डा. आसिम मकनपुरी ने गजल पढ़ी,खामियां मेरी दिखाता था मुझे मैंने आईना पलटकर रख दिया। हास्य कवि दिलीप दुबे को सुन लोग हंस हंसकर लोटपोट हो गए। शाहबाज तालिब ने गजल पढ़ी,एक मुजाहिद मेरी बस्ती से नहीं निकलेगा, सौ मुनाफिक्र मेरे लश्कर से निकल आयेंगे। पपलू लखनवी ने शेर पढ़ा,मैंने दाढ़ी बनाई तो कहने लगी अब कमीना ये हूरों के चक्कर में है।कवि विशाल विशेष ने रचना पढ़ी, एक कली पर बैठे है कितने भवरे, कहते हो निगरानी है हैरानी है। इसके अलावा कई अन्य शायरों व कवियों ने समां बांधा। रात में भी लोग शायरों और कवियों को सुनने को बैठे रहे।

मुख्य अतिथि अविनाश सिंह विक्की, सदारत श्रम विभाग नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान अली ने की और कनवीनर हाजी अहमद अंसारी रहे। आयोजक में फैसल रईस, आफाक खान, आरिफ खान, शरजील पाशा, दानिश मिर्जा, असगर हुसैन, फुरकान अहमद, पुष्पेंद्र भदौरिया, हाजी दिलशाद, रफी अहमद, खुर्शीद अहमद, हाजी बिलाल अहमद आदि रहे।

## कई व्यापारियों के खांड सामग्री के नमूने भरे गए


फर्रुखाबाद। खाद्य विभाग की टीम ने अभियान चलाकर आठ व्यापारियों की खाद्य सामग्री के नमूने भरे हैं। पुराना नखासा, टिलियां, कायमगंज पर दूध फेरी विक्रेता विमलेश कुमार पुत्र खुशीराम से खा। पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना व पुराना नखासा पर दूध फेरी विक्रेता पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र राम नरेश सिंह से खा। पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। बहोरिकपुर तिराहा, फर्रुखाबाद पर दूध फेरी विक्रेता कमर हुसैन पुत्र बाकर हुसैन से खाद्यय पदार्थ मिश्रित दूध नमूना तथा गंगा रोड, टिलियां, कायमगंज, स्थित मेंहदी हसन पुत्र निसार अहमद के खा। प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्यय पदार्थ बेसन का नमूना जांच हेतु भरा गया। गंगा रोड, शमसाबाद पर स्थित रामवीर पुत्र सियाराम के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्यय पदार्थ मसूर दाल का नमूना व फत्तेपुर, जहानगंज रोड स्थित हरिओम पुत्र लज्जाराम के खाद्य प्रतिष्ठान से नमूना जांच हेतु लिया गया।

# गुलाम नबी आजाद ने लोस चुनाव न लड़ने का दिया संकेत

**भाषा।** जम्मू

**वरिष्ठ नेता** गुलाम नबी आजाद ने आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का संकेत देते हुए शनिवार को कहा कि वह अपनी नवगठित डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। आजाद ने 2014 के लोकसभा चुनाव में हार मिलने के बाद से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा है। उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं से कहा कि 2024 जम्मू-कश्मीर के लिए चुनावी वर्ष होगा इसलिए वे अपनी कमर कस लें। आजाद ने दशकों तक कांग्रेस में रहने के बाद पार्टी छोड़ दी थी। उन्होंने नगरोटा में एक समारोह के इतर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रदर्शनकारी किसानों से जुड़े मुद्दों का हमेशा के लिए समाधान निकालने की अपील की और कहा कि यह प्रदर्शन न तो सरकार के लिए अच्छा है और न ही किसानों के लिए। आजाद ने कहा, संसद का चुनाव शत-प्रतिशत अपने समय पर हो रहा है। मैं (जम्मू-कश्मीर में) विधानसभा चुनाव के बारे में केवल अनुमान ही लगा सकता हूं क्योंकि मेरा निर्वाचन आयोग या सरकार से कोई संपर्क नहीं है। लेकिन इसका (विधानसभा चुनाव) होना तय है क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने सितंबर तक की समय सीमा निर्धारित की है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह स्वयं आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, आजाद ने कहा, मुझे अपनी पार्टी (के उम्मीदवारों) के लिए प्रचार करना है और अगर मैं चुनाव लड़ता हूं, तो मुझे एक ही स्थान पर सीमित रहना पड़ेगा। आजाद ने अगस्त 2022 में कांग्रेस से अलग होने के बाद जम्मू क्षेत्र में अपनी पार्टी का गठन किया था। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि डोडा, किश्तवाड़, बदेरवाह और पुंछ जैसे पीर पंजाल के दक्षिण इलाकों में आजाद का वोट बैंक है और ऐसे में वह विपक्षी दल के उम्मीदवारों के मतों को विभाजित करने में सक्षम होंगे।

आजाद ने नेशनल कॉन्फ्रेंस को



एक अवसरवादी पार्टी करार दिया जो सत्ता में आने पर किसी के भी साथ गठबंधन कर सकती है। उन्होंने किसानों के जारी विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा कि यह दूसरी बार है जब यह प्रदर्शन बड़े पैमाने पर हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से उनके (किसानों के) मुद्दों को हमेशा के लिए हल करने की अपील करता हूं। यह सरकार और किसानों के साथ-साथ लोगों के लिए भी अच्छा नहीं है क्योंकि इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होगी। आजाद ने इससे पहले नगरोटा में एक रैली को संबोधित करते हुए पंडितों समेत कश्मीर के लोगों से घाटी में अपनी जमीन नहीं बेचने की अपील की। उन्होंने लोगों से मिलकर रहने और आगामी चुनाव के लिए तैयार होने की अपील करते हुए कहा, स्थिति में सुधार हो रहा है और हमें (आतंकवादी हमलों की) कभी-कभार होने वाली घटनाओं से घबराना नहीं चाहिए। ऐसे हमले नहीं होने चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि गोलीबारी की घटनाएं हर जगह हो रही हैं, यहां तक कि अमेरिका जैसे सबसे सुरक्षित स्थानों पर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। लेकिन कोई भी डरकर अपना घर छोड़कर नहीं जाता। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर में कोई विधानसभा चुनाव नहीं हुआ और इन वर्षों में कई अच्छी और बुरी चीजें देखी गईं।उन्होंने कहा, अतीत को छोड़कर हमें भविष्य की ओर देखना होगा। हमें यह देखना होगा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों की स्थिति में सुधार के लिए क्या किया जा सकता है।

## ईडी ने धन शोधन मामले में बीजद विधायक को तलब किया

**भुवनेश्वर( भाषा )।** ईडी ने कथित धन शोधन मामले में बीजू जनता दल के वरिष्ठ विधायक और ओडिशा के पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल और उनके बेटे को तलब किया है। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने बारापाड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज की भूमि से जुड़ी अनियमितताओं के संबंध में सामल और उनके बेटे प्रयासकांति को समन जारी किया है। पिता-पुत्र को सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। इससे दो दिन पहल ईडी ने सामल से जुड़े विभिन्न परिसर पर छापेमारी की थी। ईडी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 15 फरवरी को ओडिशा के भद्रक और भुवनेश्वर शहरों में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था, जो बारापाड़ा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसईटी) सोसायटी के प्रयासकांति सामल (पूर्व अध्यक्ष), मनोज कुमार गोस्वामी (सचिव) और अन्य से संबंधित हैं।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 10 की मौत

**भाषा।** विरुधुनगर

**तमिलनाडु के** विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरुधुनगर जिले में स्थित पटाखा फैक्टरी में हुए धमाके में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने प्रत्एक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी मोदी के हवाले से जारी पोस्ट में कहा, विरुधुनगर की पटाखा फैक्टरी में हुई दुर्घटना की खबर जानकर दुखी हूं। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपने इस दुखद हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र और पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्एक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12 बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा, शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया, यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

## लोकसभा-विधानसभा चुनाव साथ हों लेकिन स्थानीय निकाय चुनाव के साथ नहीं: जदयू

**नई दिल्ली( भाषा )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का समर्थन किया है, लेकिन स्थानीय निकाय चुनावों के साथ नहीं। पार्टी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गठित एक उच्च स्तरीय समिति से कहा है कि वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का समर्थन करती है।

इसने कहा कि सभी स्थानीय निकाय - नगर पालिकाओं और पंचायतों - के चुनाव एक साथ होने चाहिए। पार्टी ने हालांकि कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ नहीं होने चाहिए। जद (यू) ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति से कहा, जद (यू) लोकसभा और राज्य विधानमंडल के चुनाव एक साथ कराने और पंचायतों तथा नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए अपना समर्थन देना चाहेगी लेकिन स्थानीय निकाय चुनाव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ नहीं कराए जाने चाहिए। गत सितंबर में गठित, समिति को मौजूदा संवैधानिक ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए जांच पड़ताल करने और सिफारिशें करने का काम सौंपा गया है।

समिति को सौंपे गए एक ज्ञापन में, जद (यू) महासचिव संजय कुमार झा और संसदीय दल के नेता राजीव रंजन सिंह ने कहा कि पार्टी का मानना है कि सुशासन की संरचना को मजबूत करने के लिए एक साथ चुनाव महत्वपूर्ण हैं। एक साथ चुनाव पर विधि आयोग और संसदीय समितियों की रिपोर्टों का हवाला देते हुए जद (यू) ने कहा कि एक साथ चुनाव से बार-बार होने वाले चुनावों से जुड़ा वित्तीय बोझ कम हो जाएगा।

# रामभद्राचार्य और गुलजार को ज्ञानपीठ पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ज्ञानपीठ चयन** समिति ने शनिवार को घोषणा की कि प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलज़ार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के प्राप्तकर्ता के रूप में नामित किया गया है। गुलज़ार हिंदी सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं और इस युग के बेहतरीन उर्दू कवियों में से एक माने जाते हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक नेता, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। संपूर्ण सिंह कालरा, जिन्हें गुलज़ार के नाम से जाना जाता है, हिंदी सिनेमा में उनके काम के लिए जाने जाते हैं और उन्हें इस युग के बेहतरीन उर्दू कवियों में से एक माना जाता है। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक नेता, शिक्षक और चार महाकाव्यों सहित 240 से अधिक पुस्तकों और ग्रंथों के लेखक हैं। गुलज़ार को उनके काम के लिए





2002 में उर्दू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। उनके कुछ बेहतरीन कार्यों में फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' का गीत 'जय हो' शामिल है, जिसे 2009 में ऑस्कर पुरस्कार और 2010 में ग्रैमी पुरस्कार मिला और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों जैसे 'माचिस' (1996), 'ओमकारा' (2006), 'दिल से...' (1998), और 'गुरु' (2007), सहित अन्य के गाने शामिल हैं। गुलज़ार ने कुछ सदाबहार पुरस्कार विजेता क्लासिक्स का भी निर्देशन किया, जिनमें 'कोशिश' (1972), 'परिचय' (1972), 'मौसम' (1975), 'इजाज़त' (1977), और टेलीविजन धारावाहिक 'मिर्जा ग़ालिब' (1988) शामिल हैं।

भारतीय ज्ञानपीठ ने एक बयान में कहा, 'अपनी लंबी फिल्मी यात्रा के साथ-साथ गुलज़ार साहित्य के क्षेत्र में भी नए मील के पत्थर स्थापित करते रहे हैं। कविता में उन्होंने एक नई शैली 'त्रिवेणी' का आविष्कार किया जो तीन पंक्तियों की एक गैर-मुकफ़ा कविता है। गुलज़ार ने हमेशा अपने माध्यम से कुछ नया रचा है। पिछले कुछ समय से वह बच्चों की कविता पर भी गंभीरता से ध्यान दे रहे हैं।' रामभद्राचार्य रामानंद संप्रदाय के वर्तमान चार जगद्गुरु रामानंदाचार्यों में से एक हैं और 1982 से इस पद पर हैं। 22 भाषाएँ बोलने वाले बहुभाषाविद् रामभद्राचार्य संस्कृत, हिंदी, अवधी और मैथिली सहित कई भारतीय भाषाओं के कवि और लेखक हैं। 2015 में उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार मिला। 1944 में स्थापित, ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष दिया जाता है।

यह पुरस्कार संस्कृत भाषा के लिए दूसरी बार और उर्दू भाषा के लिए पांचवीं बार दिया जा रहा है। पुरस्कार में 21 लाख रुपये की पुरस्कार राशि, वाग्देवी की एक प्रतिमा और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। निर्णय ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता प्रतिभा राय की अध्यक्षता में चयन समिति द्वारा किया गया था। जिसके सदस्यों में माधव कौशिक, दामोदर मौजो, प्रोफेसर सुरंजन दास, प्रोफेसर पुरुषोत्तम बिलमले, प्रफुल्ल शिलेदार, प्रोफेसर हरीश त्रिवेदी, प्रभा वर्मा, डॉ. जानकी प्रसाद शर्मा, ए कृष्णा राव और मधुसूदन आनंद शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### पलानीस्वामी ने मेकेदातु मुद्दे पर कर्नाटक सरकार की आलोचना की, द्रमुक की चुप्पी पर सवाल उठाया

**चेन्नई ( भाषा )।** अन्नाद्रमुक के महासचिव ए.के. पलानीस्वामी ने शनिवार को मेकेदातु जलाशय परियोजना पर आगे बढ़ने के कर्नाटक सरकार के फैसले के लिए राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला किया और इस मुद्दे पर तमिलनाडु की द्रमुक सरकार की कथित चुप्पी पर सवाल उठाए। कर्नाटक सरकार बेंगलुरु की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य के मेकेदातु में कावेरी नदी पर एक जलाशय के निर्माण की परिकल्पना कर रही है, लेकिन तमिलनाडु यह कहते हुए इसका विरोध कर रहा है कि यह परियोजना उसके हितों को नुकसान पहुंचाएगी। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि द्रमुक अपने सहयोगी दल कांग्रेस के साथ 2021 में सत्ता में आने के बाद से ही तमिलनाडु के हितों के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह पहले ही राज्य विधानसभा में पिछली अन्नाद्रमुक सरकार द्वारा 2018 में सीडब्ल्यूएमए एजेंडा में मेकेदातु मुद्दे को उठाने के लिए कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करने का मुद्दा उठा चुके हैं। यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस महीने की शुरुआत में सीडब्ल्यूएमए की बैठक में मेकेदातु मुद्दा फिर से उठा, लेकिन तमिलनाडु सरकार ने इसके विरोध में बर्हिगमन नहीं किया।

### विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरण का समारोह सम्पन्न

**बाराबंकी।** आज लक्ष्मी देवी ला कालेज एवं लक्ष्मी देवी डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार की डिजिटल इन्डिया कैम्पेनिंग के अन्तर्गत लगभग 120 छात्र एवं छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण का समारोह सम्पन्न हुआ। सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि सिद्धांत पटेल, अध्यक्ष, कोआपरेटिव बैंक, बाराबंकी एवं विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र वर्मा, जिला अध्यक्ष, अपना दलएस बाराबंकी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात उप प्रबंधक डॉ. शीवेश मणि त्रिपाठी के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान व्यक्त किया गया। अभिभावक एवं संरक्षक प्रो. नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्मार्ट फोन के सदुपयोग और दुरपयोग में बच्चों को अन्तर स्पष्ट किया तथा तकनीकी को लक्ष्य प्राप्त करने और सफलता प्राप्त करने में एक साधन के रूप में अपनाने पर जोर दिया गया। बच्चों को क्रमबद्ध तरीके से मंच पर बुलाकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा स्मार्टफोन का वितरण किया गया। छात्र छात्राओं ने स्मार्ट फोन ग्रहण करके अपना हर्षोल्लास तालियों की गड़गड़ाहट से व्यक्त की तथा कार्यक्रम के समापन पर डॉ. रोहित पी साबरन ने समापन कथन व्यक्त करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### अंडमान से सांसद कुलदीप राय शर्मा को लगातार तीसरी बार संसद रत्न पुरस्कार मिला

**पोर्ट ब्लेयर ( भाषा )।** अंडमान-निकोबार द्वीप समूह से सांसद कुलदीप राय शर्मा को शनिवार को लगातार तीसरे वर्ष संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित एक समारोह में पांच सांसदों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया गया। अंडमान से कांग्रेस के सांसद कुलदीप राय शर्मा के अलावा भाजपा के सुधीर गुप्ता एंव सुकांत मजूमदार, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अमोल रामसिंग कोल्हे को भी संसद रत्न पुरस्कार दिया गया। शर्मा ने द्वीपसमूह और उसके लोगों की बेहतरी के लिए कई मुद्दे उठाए और उन्होंने न केवल संसदीय बहस में भाग लिया बल्कि एक सांसद के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में उच्च स्तर की व्यावसायिकता का भी प्रदर्शन किया। शर्मा ने सदन में जिन मुद्दों को उठाया, उनमें द्वीपों में सरकारी नौकरी की लगभग 10,000 रिक्तियों को भरना, केंद्र शासित प्रदेश के लिए एम्स , द्वीपसमूह में प्रतिनियुक्ति पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को भेजना, सभी पीएचसी में अल्ट्रासाउंड सुविधा, द्वीपों में सभी भूमिहीन लोगों के लिए 200 वर्ग मीटर भूमि का प्रावधान, एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना और पुरी से डिगलीपुर तक ऑप्टिकल फाइबर बिछाए जाने संबंधी मुद्दे शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा, भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध करता है मिजोरम

**आइजोल ( भाषा )।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि उनकी सरकार भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने के विरोध में है। लालदुहोमा ने यहां एनजीओ समन्वय समिति (एनजीओसीसी) के नेताओं के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा सीमा का निर्धारण ब्रिटिश शासन द्वारा मिजो समुदाय को अलग थलग करने वाली फूट डालो और राज करो की नीति के माध्यम से किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत और म्यांमा में रहने वाले मिजो समुदाय के लोग अभी भी एक प्रशासनिक इकाई के तहत पुन: एकीकरण का सपना देखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि म्यांमा के साथ मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) जारी रहे।

## रायबरेली सीट गांधी परिवार के पास रहेगी : उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय

**वाराणसी ( भाषा )।** रायबरेली लोकसभा सीट से गांधी परिवार के एक सदस्य के चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को कहा, यह सीट गांधी परिवार के पास रहेगी। मीडिया के साथ बातचीत के दौरान राय ने कहा, रायबरेली के लोगों का गांधी परिवार के साथ पीढ़ियों से गहरा नाता रहा है। यह सीट गांधी परिवार की है और गांधी परिवार के पास रहेगी। यह पूछे जाने पर कि गांधी परिवार से कौन वहां से चुनाव लड़ेगा, राय ने कहा, इस पर निश्चित रूप से उन लोगों (गांधी परिवार) द्वारा निर्णय किया जाएगा। वर्ष 2004 से रायबरेली सीट से सांसद, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को सूचित किया कि वह स्वास्थ्य कारणों से आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। रायबरेली के लोगों को संबोधित अपने पत्र में 77 वर्षीय नेता सोनिया गांधी ने लिखा, इस निर्णय के बाद मुझे सीधे तौर पर आपकी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा दिल और आत्मा हमेशा आपके साथ रहेगी। मुझे पता है कि आप पहले की तरह मेरे और मेरे परिवार का साथ भविष्य में भी देंगे। ऐसी अटकलें हैं कि सोनिया गांधी के रायबरेली सीट छोड़ने के बाद उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाद्रा रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं। इस बीच, मीडिया के साथ बातचीत में अजय राय ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जब काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन के लिए गए तो कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, सभी भाजपा नेता जब काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन के लिए आते हैं तो उन्हें कैमरे के साथ आने दिया जाता है। लेकिन राहुल गांधी को कैमरे के साथ मंदिर नहीं जाने दिया गया और अभी तक प्रशासन द्वारा कोई फोटो जारी नहीं की गई। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश पहुंचने के दूसरे दिन राहुल गांधी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया।

# राकांपा मामले में निर्वाचन आयोग, विधानसभा अध्यक्ष का फैसला अनुचित: शरद पवार

**भाषा।** बारामती

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने शनिवार को कहा कि राकांपा के मामले में निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा दिए गए फैसले अनुचित हैं और उनका गुट पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न वापस पाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा।

शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह को अब आधिकारिक तौर पर राकांपा (शरदचंद्र पवार) नाम दिया गया है। बृहस्पतिवार को शरद पवार गुट को उस समय झटका लगा जब नार्वेकर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट ही असली राकांपा है। उन्होंने दोनों प्रतिद्वंद्वी समूहों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। यह फैसला निर्वाचन आयोग द्वारा अजित पवार के नेतृत्व



वाले गुट को असली राकांपा मानने और उन्हें पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न घड़ी आवंटित करने के कुछ दिनों बाद आया है।

शरद पवार ने पुणे जिले में अपने गृहनगर बारामती में संवाददाताओं से कहा, हमें ऐसे फैसले की आशंका थी। विधानसभा अध्यक्ष अपने पद की गरिमा बनाए रखने में विफल रहे। निर्वाचन आयोग और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लिए गए फैसले अनुचित हैं। इसलिए, हम राकांपा के नाम और चिह्न के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जिन्होंने पार्टी बनाई थी, उन्हें पार्टी से हटा दिया गया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह फैसला न्यायिक व्यवस्था के मुताबिक सही नहीं था। हमने इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। पूरा देश जानता है कि पार्टी की स्थापना किसने की थी। जब उनसे पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने के बारे में पूछा गया तो शरद पवार ने कहा, इन दिनों एसीबी और ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) जैसी कई एजेंसियों का प्रभाव बढ़ गया है और यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि उनका इस्तेमाल विपक्ष के खिलाफ कैसे किया जा रहा है। मराठा आरक्षण के मुद्दे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सरकार को मराठा आरक्षण और जरांगे के मुद्दे पर उचित रुख अपनाना चाहिए।

# पेज एक का शेष

## मोदी ने...

अनावश्यक और विभाजनकारी मुद्दों में उलझा रहेगा, लेकिन उन्हें विचलित नहीं होना चाहिए और अपने विकास के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। तावड़े ने कहा कि मोदी लगभग 23 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 12 वर्षों से अधिक समय तक सरकार के मुखिया रहे हैं और उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को उद्धृत करते हुए कहा, 'यह 'आरोप मुक्त' और 'विकास युक्त' काल रहा है।' उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे किसी व्यक्ति के इतने लंबे कार्यकाल का कोई उदाहरण नहीं है, जिस पर कोई दाग न लगा हो। मोदी सरकार ने दूसरी बार सत्ता में लौटने के तुरंत बाद अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को हटा दिया था, जो पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। लोकसभा में 543 सीटें हैं और भाजपा ने 2014 और 2019 में क्रमश: 282 और 303 सीटें जीती थीं। मोदी ने भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि मोदी का नेतृत्व समर्पण, भावनात्मक निवेश और विकास के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता से चिह्नित है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज उनके नेतृत्व में 'परिवर्तनकारी' नीतियों और पहलों पर गर्व करता है। बाद में, राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से पार्टी की जबरदस्त वृद्धि को रेखांकित किया और पिछले दशक में उनके नेतृत्व की सराहना की जो संगठन के लिए नई उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए यहां भारत मंडपम में इकट्ठे हुए लगभग 11,500 पार्टी प्रतिनिधियों को बताया कि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के बाद मोदी सरकार हैट्रिक बनाएगी और लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, 'हमें 370 सीटें पार करनी हैं और एनडीए को 400 सीटें पार करनी हैं।' उन्होंने पार्टी सदस्यों से लक्ष्य हासिल करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया ताकि पार्टी अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दे। जब नड्डा ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की मुख्य बातों का जिक्र करते हुए महिला आरक्षण कानून और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का जिक्र किया तो देश भर से हजारों पार्टी प्रतिनिधि मोदी की जय-जयकार करने के लिए खड़े हो गए। अपने भाषण में, नड्डा ने कहा कि 2014 में मोदी के उदय से पहले भाजपा ने केवल पांच राज्यों में शासन किया था और अब वह 12 राज्यों में सत्ता में है। उन्होंने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 17 राज्यों में सत्ता में है। भाजपा ने 2022 में बड़ी जीत के साथ उत्तर प्रदेश में दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता बरकरार रखी, उत्तराखंड में मौजूदा पार्टी को बाहर करने की प्रवृत्ति को तोड़ दिया और हाल ही में तीन राज्यों - छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनाव जीते - जब कई लोगों ने सोचा था उन्होंने कहा, यह असंभव है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 2021 के विधानसभा चुनावों में 10 प्रतिशत वोट और तीन सीटों से बढ़कर 38.5 प्रतिशत वोट और 77 सीटों पर पहुंच गई है, उन्होंने कहा कि पार्टी अगली बार राज्य में सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी पहली बार असम सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों में सत्ता में आई और तेलंगाना में उसका वोट शेयर दोगुना हो गया। दक्षिण भारत में पार्टी की उपस्थिति सीमित होने के तर्क को खारिज करते हुए, नड्डा ने कहा, 'कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) हर जगह है। यह एक अखिल भारतीय पार्टी है।' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से उसके पास 29 लोकसभा और आठ राज्यसभा सांसद हैं, जबकि कांग्रेस के पास क्रमश: 28 और सात हैं। पिछले 10 वर्षों में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठकों में, जिनमें 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों से कुछ हफ्ते पहले राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित दो बैठकें भी शामिल थीं, उपस्थिति आम तौर पर 3,000 के आसपास रही थी।

## आंदोलनकारी किसानों...

अध्यादेश लाता है और अगर वह चाहे तो इसे रातोरात ला सकता है। अगर सरकार किसानों के विरोध का समाधान चाहती है, तो यह तत्काल प्रभाव से एक अध्यादेश लाना चाहिए कि एमएसपी पर कानून बनेगा, तभी चर्चा आगे बढ़ सकेगी।' पंधेर ने कहा कि जहां तक तौर-तरीकों का सवाल है, किसी भी अध्यादेश की वैधता छह महीने की होती है। जहां तक स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार 'सी2 प्लस 50 प्रतिशत' की मांग का सवाल है, पंधेर ने कहा कि सरकार 'ए2 प्लस एफएल' फॉर्मूले के अनुसार कीमत दे रही है। उन्होंने कहा, 'उसी फॉर्मूले के तहत अध्यादेश लाया जा सकता है।' कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा, 'सरकार इस संबंध में बैंकों से डेटा एकत्र कर सकती है, यह राजनीतिक इच्छा शक्ति का सवाल है।' पंधेर ने कहा, 'वे (केंद्र) कह रहे हैं कि इस पर राज्यों के साथ चर्चा करनी होगी। आप राज्यों को छोड़ दें। आप केंद्र और केंद्रीय बैंकों के बारे में बात करें और फिर तय करें कि किसानों का कर्ज कैसे माफ किया जाए।' किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने भी कहा कि सरकार को 'देश के लोगों को कुछ देने' के लिए एक अध्यादेश लाना चाहिए। दिल्ली चलो का नेतृत्व कर रहे डल्लेवाल ने कहा, 'सरकार को इस इरादे से अध्यादेश लाना चाहिए कि यह तत्काल प्रभाव से लागू हो और छह महीने के भीतर इसे कानून में तब्दील किया जा सके और इसमें कोई समस्या नहीं है।' इन दावों पर कि सभी 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने के लिए भारी धनराशि की आवश्यकता होगी, दल्लेवाल ने कहा कि एक अध्ययन कहता है कि इसके लिए 2.50 लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता है। दल्लेवाल ने दावा किया कि एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि केवल 36,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'अगर सरकार गंभीरता से उत्पादकों और उपभोक्ताओं पर ध्यान दे और कॉरपोरेट्स पर कम ध्यान दे तो मामला सुलझ सकता है।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गांवों में छोटे कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। दल्लेवाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र 50 प्रतिशत रोजगार पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, 'कृषि क्षेत्र की जीडीपी में 20 फीसदी हिस्सेदारी है और अगर कृषि क्षेत्र की जीडीपी में 20 फीसदी हिस्सेदारी है, तो सरकार के लिए 2.50 लाख करोड़ रुपये देना मुश्किल क्यों है?' उन्होंने कहा, हम एमएसपी पर फसलों की खरीद का कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। पंधेर ने कहा कि सरकार दूसरे देशों से दाल जैसी फसलें आयात कर रही है। अगर सरकार फसलों पर एमएसपी की गारंटी देती है उन्होंने कहा कि दालों की तरह किसान यहां इनका उत्पादन भी कर सकते हैं।

## विहिप ने शेरनी का नाम सीता रखने के खिलाफ याचिक दायर की

**भाषा।** सिलीगुड़ी (प.बंगाल)

**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ के समक्ष एक याचिका दायर की है जिसमें दावा किया गया है कि त्रिपुरा से यहां बंगाल सफारी पार्क में स्थानांतरित की गई एक शेरनी का नाम सीता रखा गया है। याचिका में यह नाम बदले जाने का अनुरोध किया गया है। विहिप के वकील ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पार्क के अधिकारियों ने हालांकि इस बात से इनकार किया है कि शेरनी को ऐसा कोई नाम दिया गया था। विहिप ने दावा किया कि 12 फरवरी को त्रिपुरा के सिपाहीजाला प्राणी उद्यान से एक शेर और शेरनी को लाया गया था और शेर का नाम अकबर रखा गया। याचिकाकर्ता के एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड शुभंकर दत्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विहिप की उत्तर बंगाल इकाई ने 16 फरवरी को याचिका दायर की और मामले की सुनवाई 20 फरवरी को अदालत की एकल पीठ के समक्ष होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि शेरनी का नाम बदल दिया जाए क्योंकि किसी जानवर का ऐसा नाम रखने से धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। दत्ता ने कहा कि यह भी आग्रह किया गया कि भविष्य में किसी भी प्राणी उद्यान में किसी भी जानवर का नाम किसी भी धर्म के देवी-देवताओं के नाम पर न रखा जाए। परिषद की उत्तर बंगाल इकाई ने कहा कि उसे खबरों से पता चला है कि एक शेर और शेरनी को बंगाली सफारी पार्क लाया गया और और शेरनी का नाम सीता रखा गया।

# विपक्ष में बैठेगी इमरान की पार्टी

भाषा। इस्लामाबाद

**जेल में बंद** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने अपनी अगली सरकार बनाने के प्रयास विफल होने के बाद संसद में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनावों में किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों ने संघीय सरकार बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों में दबदबा बनाए रखा जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्याबल होने का दावा किया, क्योंकि चुनाव के बाद कुछ निर्दलीय सांसद नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हुए हैं। पीटीआई के नेता बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने शुक्रवार



को घोषणा की कि खान के निर्देशों के बाद, पार्टी ने केंद्र के साथ साथ पंजाब जैसे प्रमुख प्रांत में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। इस्लामाबाद में कौमी वतन पार्टी के साथ बैठक के बाद शुक्रवार रात मीडिया से सैफ ने कहा, इस हकीकत के बावजूद हमने विपक्ष में बैठने का फैसला किया कि अगर हमें हमारे वोटों के मुताबिक सीटें मिलतीं और नतीजे नहीं बदले होते तो शायद आज हम 180 सीटों के साथ केंद्र की सत्ता में होते। हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि हमारे उम्मीदवार जीते हैं। पार्टी ने कथित धांधली के खिलाफ शुक्रवार को एक श्वेत पत्र भी जारी किया और शनिवार से अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करने का फैसला किया है।

### धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने हाल के चुनावों में कथित धांधली और अपने जनादेश की चोरी के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। राजधानी इस्लामाबाद में प्रदर्शन के चलते अधिकारियों ने शनिवार को निषेधाज्ञा लागू कर दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनावों के नतीजों की आलोचना करते हुए कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों में नेशनल असेंबली की 90 से अधिक सीट जीतकर अपना दबदबा कायम रखा था। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान के वाना में एक विरोध मार्च के साथ शुरू हुई। पीटीआई ने संसद में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है।

## पाक चुनाव: पीएमएल-एन ने अमेरिकी हस्तक्षेप की मांग को लेकर पीटीआई की आलोचना की

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली के मामले में अमेरिका से हस्तक्षेप करने की मांग को लेकर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी की आलोचना की है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन ने कहा, यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ है। पीएमएल-एन नेता मरियम औरंगजेब ने अमेरिका को आमंत्रित करने के लिए खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को आड़े हाथ लिया। खान ने बृहस्पतिवार को अमेरिका को भेजे विशेष संदेश में कहा कि उसे भूमिका निभानी चाहिए और पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई धांधली के बारे में चिंता व्यक्त करनी चाहिए। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की वेबसाइट पर शुक्रवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक मरियम ने पार्टी नेता अताउल्लाह तरार के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खान द्वारा अमेरिका को देश के चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए आमंत्रित करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं, हम गुलाम नहीं हैं! यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ है। द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिकी मदद मांगने के लिए पीटीआई की आलोचना की। उन्होंने याद दिलाया कि आपके अनुसार,अमेरिका ने साजिश रची थी और आपकी सरकार को उखाड़ फेंका था। पीटीआई ने अविश्वास प्रस्ताव के जरिए अमेरिका पर उसकी सरकार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।

### वर्जीनिया : घर में विस्फोट में एक दमकलकर्मी की मौत

**स्टर्लिंग (अमेरिका)।** वर्जीनिया के स्टर्लिंग मे शुक्रवार रात को एक घर मे संभावित रूप से गैस रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में एक दमकलकर्मी की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।दमकल अधिकारियों ने बताया कि सिल्वर रिज ड्राइव पर एक घर से शाम साढ़े सात बजे गैस रिसाव की सूचना मिलने के बाद दकमलकर्मी वहां पहुंचे थे कि करीबन आधे घंटे बाद एक तेज विस्फोट हुआ।लाउडोन काउंटी फायर एंड रेस्क्यू के असिस्टेंट चीफ ऑफ ऑपरेशन जेम्स विलियम्स ने संवाददाताओं को बताया कि विस्फोट के बाद आग उस समय लगी जब दमकलकर्मी घर के भीतर थे।

### न्यू जर्सी में आवासीय इमारत में आग लगने से भारतीय प्रभावित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यू जर्सी शहर की एक इमारत में आग लगने से विस्थापित हुए दर्जनो लोगो मे कुछ भारतीय छात्र और पेशेवर भी शामिल है। इमारत में रहने वाले लोगों या अग्निशमन कर्मियों के घायल होने की कोई सूचना नही है। शहर की प्रवक्ता किम्बर्ली वालेस-स्काल्सियोन ने कहा कि आग 77 नेल्सन एवेन्यू में बहु-मंजिला इमारत के भूतल मे लगी और पहली व दूसरी मंजिल और फिर छत तक फैल गई। आग से पड़ोस की इमारत की छत को भी नुकसान पहुंचा है। न्यूयॉर्क मे भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह आग से प्रभावित भारतीयों को सहायता प्रदान कर रहा है। वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसे न्यू जर्सी सिटी में एक आवासीय इमारत में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटनौ के बारे मे पता चला।

### सागर की स्वर लहरी से झूमे दुनिया के लोग

**ग्लोबल।** मशहूर कव्वाली गायक कंपोज़र एवं प्रोड्यूसरए सागर भाटिया अपने नए भावुक गीत रोयी होवेगी के साथ भावनाओं में उतरने के लिए तैयार हैं। श्रोताओं को मुग्ध कर देने वाला संगीत बनाने की अपनी कला के लिए प्रसिद्ध सागर का यह गीत श्रोताओं को भावनाओं के एक ऐसे संसार मंड़ ले जाएगाए जहाँ वो प्यार, विरह, और स्वीकृति की जटिलताओं को समझ सकेंगे। मीठी धुन के साथ ष्रोयी होवेगीष् गीत के बोल सागर भाटिया की दिल को छू लेने की क्षमता के साथ एक अद्वितीयए गहन एवं यादगार अनुभव का निर्माण करते हैं। इस गीत में मानवीय भावनाओं की जटिलताओं का चित्रण हैए जो मधुर यादें संजोए रखते हुए चले जाने की अनुमति देने का सफर प्रदर्शित करता है।

### भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने एक महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।संदीप पटेल (51) को 1994 मे लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर उन्हे कम से कम 140 बार चाकू मारकर उनकी हत्या करने का दोषी पाया गया और शुक्रवार को शहर की ओल्ड बेली अदालत मे सजा सुनाई गई। फोरेंसिक टीम कोप्पेल की अंगूठी पर मिले पटेल के बाल की बारीकी से जांच कर उसे न्याय के कटघरे मे ले आई।

### तालिबान कमांडर सहित सात आतंकवादी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने शनिवार को एक प्रमुख तालिबान कमांडर समेत सात आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया। पाकिस्तान की पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि उसने प्रांत के विभिन्न जिलो में खुफिया जानकारी पर आधारित कई अभियान चलाए और सात संदिग्ध आतंकवादियो को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आतंकवादियो के पास से हथियार, विस्फोटक और अन्य प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई है।

# ब्लिंकन और जयशंकर ने की कई मुद्दों पर चर्चा

## लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की जरूरत पर बात

भाषा। वाशिंगटन




**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी में मुलाकात की और दोनों नेताओं ने लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की जरूरत पर चर्चा की। ब्लिंकन और जयशंकर ने साथ ही इस बात को भी रेखांकित किया कि उस अस्थिर क्षेत्र में भारत और अमेरिका आर्थिक स्थायित्व की रक्षा में किस प्रकार से अहम भूमिका निभा रहे हैं। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा, ब्लिंकन और जयशंकर ने लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता की सुनिश्चित करने की जरूरत पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान ब्लिंकन ने रेखांकित किया कि लाल सागर में समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में अमेरिका और भारत का रुख समान है और वे क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिलर ने कहा कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में स्थाई शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में जारी कार्यों पर भी चर्चा की। दरअसल यमन के हुती विद्रोही हमास और इजराइल के बीच जारी जंग में युद्धविराम की मांग के लिए लाल सागर में पिछले वर्ष नवंबर माह से जहाजों को निशाना बनाते हुए हमले कर रहे हैं। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज दोपहर एमएससी (म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन) 2024 के मौके पर अपने मित्र अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमारी बातचीत पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर केंद्रित रही। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर प्रगति की समीक्षा की गई। जयशंकर ने साथ ही बैठक की एक तस्वीर भी साझा की जिसमें दोनों नेता एक मेज पर आमने सामने बैठे नजर आ रहे हैं। बैठक के बाद, ब्लिंकन ने जयशंकर के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका और भारत के बीच हमारी असाधारण साझेदारी है जो हाल के वर्षों में और मजबूत हुई है, पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है।

### जयशंकर ने जर्मनी में कनाडा की अपनी समकक्ष से मुलाकात कर द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

**म्यूनिख।** नाडा मे एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनो देशो मे राजनयिक विवाद के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की अपनी समकक्ष मेलानी जोली के साथ द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति और वर्तमान वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को यहां जर्मनी मे म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। यह बैठक पिछले साल कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में कड़वाहट के बीच हुई है।जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2024 के मौके पर कनाडा की अपनी समकक्ष विदेश मंत्री मेलानी जोली से मुलाकात की। हमारी बातचीत स्पष्ट रूप से हमारे द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर केंद्रित थी। वैश्विक स्थिति पर भी सार्थक चर्चा हुई। जोली ने भी एक्स पर जयशंकर के साथ मुलाकात के बारे में लिखा।

### भारत, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा करेंगे अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ राजनयिक रिचर्ड वर्मा अगले सप्ताह भारत, श्रीलंका और मालदीव की छह दिवसीय आधिकारिक यात्रा करेंगे। वर्मा की इस यात्रा का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख साझेदार देशों के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना और क्षेत्र को स्वतंत्र, सुरक्षित व समृद्ध बनाने के लिए अमेरिका की स्थाई प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। अमेरिका के उप विदेश मंत्री वर्मा 18 से 23 फरवरी तक तीन देशों की यात्रा करेंगे। शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, 'अमेरिका की हिंद प्रशांत रणनीति के दो साल पूरे होने के बाद होने वाली उनकी यह यात्रा एक स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध क्षेत्र के लिए अमेरिका की स्थाई प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी। यह यात्रा इन प्रमुख हिंद-प्रशांत साझेदार देशों में से प्रत्एक के साथ अमेरिका के सहयोग को मजबूत बनाएगी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नई दिल्ली में वर्मा आर्थिक विकास, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी समेत कई मुद्दो से संबंधित अमेरिकी-भारत वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, व्यापारिक नेताओं और उद्यमियों से मुलाकात करेंगे।

### ईरान : एक व्यक्ति ने राइफल से गोलीबारी करके अपने 12 रिश्तेदारों की हत्या की

**तेहरान।** दक्षिण-पूर्वी ईरान के एक ग्रामीण इलाके में एक व्यक्ति ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने अर्धसरकारी आईएसएनए समाचार एजेंसी को बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवाद के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हमलावर (30) की पहचान नहीं हो सकी है और इस बात की आशंका है कि उसने कलाश्निकोव राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में स्थानीय मीडिया कभी-कभार ग्रामीण इलाकों में गोलीबारी की ऐसी घटनाओं की खबरें देता है, लेकिन इस हमले में मरने वालों की संख्या सबसे अधिक है। ईरान के ग्रामीण इलाकों में आम नागरिकों को कानूनी तौर पर केवल राइफल से शिकार करने की अनुमति है।

## नवलनी की भले ही जेल में मौत हो गई - लेकिन पुतिन विरोध का उनका आंदोलन जिंदा रहेगा

भाषा। ब्लूमिंगटन (अमेरिका)





**रूसियों की** लंबी कतारें जनवरी 2024 में शून्य से नीचे के तापमान को झेलते हुए यह मांग कर रही थीं कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का विरोध करने वाले बोरिस नादेज़्दीन को आगामी राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की अनुमति दी जाए। यह याचिका द्वारा विरोध था - एक रणनीति जो लंबे समय से रूसी लोकतंत्र समर्थक प्रचारक अलेक्सी नवलनी की विरासत को दर्शाती है। अधिकारियों का कहना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए लगातार कांटा बने नवलनी की 16 फरवरी, 2024 को जेल में मृत्यु हो गई। एक दशक से अधिक समय तक, नवलनी ने पुतिनवाद विरोध के सबसे सशक्त चेहरे के रूप में मतपेटी और सड़कों पर रूसी अधिनायकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी, क्रेमलिन की इच्छाओं के खिलाफ खड़े होने के लिए पर्याप्त बहादुर उम्मीदवारों को समर्थन दिया। अक्सर विरोध चुनावी सफलता में तब्दील नहीं होता। नादेज़्दीन समर्थकों को उम्मीद नहीं थी कि वह जिसका समर्थन कर रहे हैं वह वास्तव में 20 मार्च, 2024 को होने वाले मतदान में पुतिन को हरा सकता है। यह देखते हुए कि क्रेमलिन रूस में राजनीति को कितनी मजबूती से नियंत्रित करता है, राष्ट्रपति चुनाव का परिणाम एक पूर्व निष्कर्ष है।लेकिन कई रूसियों के लिए, नादेज़्दीन की उम्मीदवारी का समर्थन करने का अवसर पुतिन और युद्ध के प्रति अपना विरोध व्यक्त करने का एकमात्र कानूनी साधन था। तथ्य यह है कि अधिकारियों ने अंततः नादेज़्दीन को भाग लेने से रोक दिया, यह बताता है कि क्रेमलिन किसी भी उम्मीदवार के बारे में सतर्क रहता है जो यूक्रेन में पुतिन के युद्ध के पीछे एकजुट राष्ट्र के आधिकारिक आख्यानों को विफल करता है। नवलनी की मृत्यु के बाद चुनाव का विरोध करने का वह प्रयास और भी मार्मिक लगता है।

### अदालत ने धोखाधड़ी मामले में ट्रंप पर लगाया 36 करोड़ 40 लाख डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धोखाधड़ी के एक मामले में दोषी करार देते हुए उन पर 36 करोड़ 40 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया। न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप की वर्षों पुरानी योजना में ऐसे वित्तीय विवरण पेश किए गए जिससे ऐसा भ्रम पैदा हो कि उनकी संपत्तियां वास्तव में बहुत मंहगी हैं और इस प्रकार खुद को अधिक अमीर दिखाकर ट्रंप बैंकों से बेहतर शर्तों पर ऋण हासिल करने, ब्याज बचाने और ऐसी परियोजनाएं पूरी करने में कामयाब रहे जो उनके बूते के बाहर थीं। ट्रंप को तीन वर्ष के लिए न्यूयॉर्क के किसी भी कार्यालय में अधिकारी या निदेशक के पद पर काम करने पर भी रोक लगाई गई है।न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने ढाई महीने की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया।ट्रंप के खिलाफ यह मामला न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने 2022 में दर्ज कराया था।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और फ्रांस के साथ सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए



**पेरिस।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने फ्रांस के साथ 10 वर्षीय द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जेलेंस्की ने इससे कुछ घंटे पहले ही जर्मनी के साथ भी इसी तरह के आधिकारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के दो साल पूरे होने वाले हैं और ऐसे में यूक्रेन पश्चिमी देशों से अधिक सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहा है। इस कड़ी में ए समझौते कीव के लिए काफी अहम माने जा रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में राष्ट्रपति भवन एलिसी में जेलेंस्की का स्वागत किया। इस समझौते के तहत फ्रांस इस वर्ष सैन्य सहायता के रूप में यूक्रेन को 3.2 अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता प्रदान करेगा, जो युद्ध शुरू होने के बाद से फ्रांस द्वारा यूक्रेन को दी गई सबसे बड़ी सालाना राशि है। मैक्रों ने कहा, यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का परिणाम हमारे हितों, हमारे मूल्यों, हमारी सुरक्षा और हमारे समाज के मॉडल के लिए निर्णायक होगा। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज से मुलाकात के बाद जेलेंस्की फ्रांस पहुंचे थे। जेलेंस्की से मुलाकात के बाद शोल्ज ने कहा था कि बर्लिन 36 हॉवित्जर तोपों, 1.20 लाख तोप के गोले तथा दो और हवाई-रक्षा प्रणालियों सहित 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर का सहायता पैकेज प्रदान कर रहा है।

## दौड़ना या योग करना अवसाद को हराने में मदद कर सकता है

**ब्रिस्बेन।** दस में से कम से कम एक व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी अवसाद का अनुभव होता है, कुछ अनुमानों के अनुसार चार में से एक व्यक्ति को अवसाद होता है। यह किसी की सेहत के लिए सबसे बुरी चीजों में से एक है - कर्ज, तलाक या मधुमेह से भी बदतर।सात आस्ट्रेलियाई लोगों में से एक अवसादरोधी दवा लेता है। मनोवैज्ञानिकों की अत्यधिक मांग है। हालत यह है कि उच्च आय वाले देशों में भी अवसाद से पीड़ित केवल आधे लोगों को ही इलाज मिल पाता है।हमारे नए शोध से पता चलता है कि थेरेपी और अवसादरोधी दवाओं के साथ-साथ व्यायाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। यह अवसाद के इलाज में थेरेपी की तरह ही प्रभावशाली हो सकता है, लेकिन यह मायने रखता है कि आप किस प्रकार का व्यायाम करते हैं और कैसे करते हैं। चलें, दौड़ें, वजन उठाएं या नृत्य



करके अवसाद को दूर करें, हमें अवसाद के लिए व्यायाम पर 218 यादृच्छिक परीक्षण मिले, जिनमें 14,170 प्रतिभागी शामिल थे। हमने नेटवर्क मेटा-विश्लेषण नामक विधि का उपयोग करके उनका विश्लेषण किया। इससे हमें यह देखने में मदद मिली कि सभी प्रकार के व्यायामों को एक साथ रखने के बजाय विभिन्न प्रकार के व्यायामों की तुलना कैसे की जाती है।हमने पाया कि चलना, दौड़ना, शक्ति प्रशिक्षण, योग और मिश्रित एरोबिक व्यायाम संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी के समान ही प्रभावी थे - जो अवसाद के लिए स्वर्ण-मानक उपचारों में से एक है। नृत्य के प्रभाव भी शक्तिशाली थे। हालाँकि, यह केवल पाँच अध्ययनों का विश्लेषण करने से आया है, जिनमें अधिकतर युवा महिलाएँ शामिल थीं। अन्य व्यायाम प्रकारों के समर्थन में अधिक सबूत थे।चलना, दौड़ना, शक्ति प्रशिक्षण, योग और मिश्रित एरोबिक व्यायाम अकेले अवसादरोधी दवा की तुलना में अधिक प्रभावी लगते थे, और अवसादरोधी दवाओं के साथ-साथ व्यायाम जितने ही प्रभावी थे।लेकिन इन अभ्यासों में से, लोगों के शक्ति प्रशिक्षण और योग से जुड़े रहने की सबसे अधिक संभावना थी। अवसादरोधी दवाएं निश्चित रूप से कुछ लोगों की मदद करती हैं। और निःसंदेह, अवसाद का इलाज करा रहे किसी भी व्यक्ति को जो भी वह कर रहे हैं उसे बदलने से पहले अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### सेना ने नवाज को प्रधानमंत्री बनने या बेटी को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने का दिया था विकल्प : सूत्र

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख नवाज शरीफ ने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को त्याग दिया है और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को इस पद के लिए नामित किया है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने यह फैसला शक्तिशाली सेना द्वारा उन्हें दो विकल्प दिए जाने के बाद लिया। सेना ने उन्हे प्रधानमंत्री बनने या अपनी बेटी मरियम नवाज को पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री बनाने में से किसी एक विकल्प को चुनने के लिए कहा था। पीएमएल-एन प्रमुख द्वारा प्रधानमंत्री पद के लिए शहबाज शरीफ को नामांकित करने से पार्टी में बहस शुरू हो गई थी कि तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज को पूर्व में इस पद का दावेदार घोषित किए जाने के बावजूद क्यों दरकिनार किया गया। पार्टी सूत्र ने यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि नवाज शरीफ ने अपनी बेटी और राजनीतिक उत्तराधिकारी 50 वर्षीय मरियम नवाज के लिए प्रधानमंत्री पद की दौड़ से खुद को बाहर करने का फैसला किया है। सूत्र ने बताया, नवाज शरीफ चौथी बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री बन सकते थे लेकिन तब उनकी बेटी के पास पंजाब की मुख्यमंत्री बनने का कोई मौका नही होता। बेटी के लिए नवाज ने चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की इच्छा त्याग दी। सूत्रों ने बताया कि आठ फरवरी के आम चुनाव में उनकी पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद नवाज शरीफ को सेना ने दो विकल्प दिए थे। एक अन्य सूत्र ने बताया, पहला विकल्प था कि नवाज शरीफ इस्लामाबाद में गठबंधन सरकार का प्रमुख बने और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाएं।

### जी20 में अफ्रीकी संघ के आने से वैश्विक व्यवस्था में अफ्रीका का प्रतिनिधित्व बढ़ा: चीन के राष्ट्रपति

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को दुनिया के सबसे अमीर एवं सबसे शक्तिशाली देशों के संगठन मे शामिल किए जाने की शनिवार को सराहना की और कहा कि इससे वैश्विक व्यवस्था मे अफ्रीका का प्रतिनिधित्व बढ़ा है और अपनी बात रखने की उसकी क्षमता बढ़ती है। शी ने 37वें अफ्रीकी संघ (एयू) शिखर सम्मेलन के लिए अपने बधाई संदेश में कहा कि एयू एकता के माध्यम से ताकत हासिल करने और एकीकरण के साथ-साथ मुक्त व्यापार क्षेत्रो के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अफ्रीकी देशों को साथ लाता है। शी ने कहा कि जी20 मे एयू के शामिल होने से वैश्विक व्यवस्था मे अफ्रीका का प्रतिनिधित्व बढ़ा है और अपनी बात रखने की उसकी क्षमता बढ़ी है जिसके लिए चीन उसे हार्दिक बधाई देता है। अफ्रीकी संघ के राष्ट्राध्यक्षो और शासनाध्यक्षो की बैठक का 37वां आम सत्र शनिवार को इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा स्थित एयू मुख्यालय में शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में पिछले साल आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में 55 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले एयू को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओ के समूह मे शामिल किए जाने का प्रस्ताव रखा था जिसे सभी सदस्य देशों ने स्वीकार किया था। अफ्रीकी संघ को शामिल किया जाना भारत की जी20 की अध्यक्षता की बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि रही।

### दुनिया में हर जगह भुगतान की सुविधा मिलेगी

**अमेजन।** अमेजन पे बैलेंस के साथ रोजमर्रा के भुगतान के लिए परेशानी मुक्त सर्वव्यापी समाधान खोजा है। भुगतान ऐप्स के बीच उन्मत्त स्विचिंग, विभिन्न भुगतान विधियों का उपयोग करना, भुगतान विवरण दर्ज करनाए हर लेनदेन के लिए ओटीपी और चेकआउट गेटवे टाइम आउट से पहले लेनदेन पूरा करने की जल्दबाजी को अब अलविदा कहें। अमेजन पे बैलेंस आपकी सभी भुगतान आवश्यकताओं के लिए वन स्टॉप समाधान हैए चाहे आप खाना ऑर्डर कर रहे हों, ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे होंए कैब बुक कर रहे हों या जरुरी बिलों का भुगतान कर रहे हों। एक बार लोड करें और अपनी सभी दैनिक भुगतान आवश्यकताओं के लिए इसका उपयोग करेंरू आपके खाते के विवरण में कोई एकाधिक प्रविष्टियाँ नहीं और तेजए एक क्लिक पर भुगतान। एक निर्बाध और पुरस्कृत भुगतान अनुभव का आनंद लें जो तेजए सुरक्षित और भरोसेमंद भी है। लेकिन इतना ही नहीं, अमेजन पे वॉलेट चुनें और त्वरित भुगतान की सुविधा के साथ रोमांचक पुरस्कार भी प्राप्त करें।

### टोयोटा देगा दुनिया में कई लाभ

**टोयटा।** ग्राहक सबसे पहलेा् के रुख और खरीदारी का शानदार अनुभव बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड टीकेएमने अपने शानदार नई कार डिलीवरी सोल्यूशन की शुरुआत की घोषणा की। यह एक ऐसी पहल है जिसे टीकेएम के अधिकृत डीलरों द्वारा उनकी बिक्री प्रक्रिया के एक भाग के रूप में लागू किया जाना है। नई पहल का उद्देश्य वाहन लॉजिस्टिक सेवाओं का विस्तार डिलीवरी टच प्वाइंट तक करना है। इसके तहत नई कारों को डिलीवरी की जगह तक बिना चलाये पहुंचाया जायेगा और डीलर के कर्मचारियों द्वारा चलाये जाने की संभावना को खत्म करना है। उद्योग में ऐसा सबसे पहले किया जा रहा है। इस पहल परए श्री सबरी मनोहर वाइस प्रेसिडेंट बिक्री.सेवा.प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि ष्टोयोटा किर्लोस्कर मोटर मेंए ग्राहक.केंद्रित होने की हमारी प्रतिबद्धता सर्वोपरि है। हम वास्तव में अद्भुत स्वामित्व अनुभव के लिए शुरू से अंत तक ग्राहक यात्रा को समृद्ध बनाने के लक्ष्य के साथ लगातार कुछ नया करने का प्रयास करते हैं। अद्भुत नई कार डिलीवरी सोल्यूशन् की शुरूआत हमारे डीलर द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली पहल उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

### जैनिथ विश्व से जुटाएगी 41 करोड़ रुपए

**एशिया।** इंदौर ख्यात फार्मा कंपनी जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसई पर आईपीओ आ रहा है।19 फरवरी को सुबह आईपीओ खुलेगा। 22 साल पुरानी कंपनी इस आईपीओ से करीब 41 करोड़ रुपए एकत्र करेगी। कंपनी अपने 51 लाख से अधिक शेयर जारी करने जा रही है, इसकी प्रारंभिक कीमत 75 से 79 रुपए होगी। शेयर से मिलने वाली राशि में से करीब 11 करोड़ रुपए से कंपनी के प्लांट मैं विस्तार किया जाएगा। कंपनी ओआरएस पॉवडर, लिक्विड ओरल, मल्हम, लिक्विड एक्सटर्नल और केप्सूल बनातीहै ओर इनको अपने ग्राहकों को संपूर्ण भारत के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया सीआईएस क्षेत्र और अफ्रीका में सप्लाई करती है। कंपनी को ग्राहकों की जरूरत केअनुसार प्रोडक्ट बानने में महारात है। कंपनी के अलग.अलग कार्य की निगरानी और प्रबंधन के लिये वरिष्ठ लोगों की एक अनुभवीऔर समर्पित टीम है। निदेशक अजय सिंह दासुंदी ने बतायाए आईपीओ 22 फरवरी को बंद होगा। आईपीओ की मैनेजर ग्रेटेक्स कॉपोरेट सर्विसेज मुंबई है। कंपनी 2001 से दवा निर्माण और व्यापार करतीहै। 2023 में कंपनी 114052 करोड़ रुपए की बिक्री कर5.15 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल अर्धवार्षिक करीब 69.40 करोड़ की बिक्री से 5.39 करोड़ का फायदा हो चुका है। कंपनी के तीन पार्टनर अजय सिंह दासुंदी, संदीप भारद्वाज और भूपेष सोनीहैं। तीनों ने फार्मेसी की पढ़ाई साथ में की और पिछले 22 साल से साथमें जैनिथ कंपनी साथ में चला रहे हैं। कंपनी देश में दवाओं के सप्लाय के साथ ही बड़ा मात्रा में एक्सपोर्ट भी करती है।

### रूस ने तैयार हो रहे उपग्रह-रोधी हथियार को तैनात करने का फैसला किया है ऐसे संकेत नहीं: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि इस बात का कोई संकेत नही है कि रूस ने एक तैयार हो रहे उपग्रह-रोधी हथियार को तैनात करने का फैसला लिया है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिकी खुफिया अधिकारियो के पास जानकारी है कि रूस ने ऐसी क्षमता हासिल कर ली है, हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक संचालन के लिए तैनात नही किया गया है। बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि इस बात का कोई सबूत नही है कि उन्होने (रूस) अंतरिक्ष मे कुछ भी करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि फिलहाल लोगो को खतरा नही है। बाइडन ने रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की कथित तौर पर मौत को लेकर टिप्पणी के दौरान व्हाइट हाउस मे संवाददाताओ से कहा, रूस इस समय जो कर रहा है उससे अमेरिका या दुनिया मे कही भी लोगो के लिए कोई परमाणु खतरा नही है। बाइडन ने कहा कि रूस ने जो क्षमता हासिल की है वह उपग्रहो और अंतरिक्ष से संबंधित है और उन क्षमताओ से सैद्धांतिक रूप से कुछ ऐसा हो सकता है जो नुकसानदायक हो। बाइडन ने कहा कि रूस अभी अपनी योजनाओ पर आगे नही बढ़ा है और मै आशा करता हूं, वह नही बढ़ेगा। संसद की खुफिया मामलो की समिति के अध्यक्ष और ओहायो से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइक टर्नर ने इस सप्ताह बाइडन सै गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा खतरै से संबंधित जानकारी को सार्वजनिक करने का आग्रह किया था, जिसके बाद यह खबर सामने आई थी।

### पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायधीश चुनाव धांधली में शामिल : वरिष्ठ नौकरशाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक वरिष्ठ नौकरशाह ने आरोप लगाया है कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश हाल में संपन्न चुनाव मे हुई धांधली मे शामिल हैं। इसी के साथ इस नौकरशाह ने सभी गलत कार्यो की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा का यह आरोप ऐसे समय आया है जब जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने आठ फरवरी के आम चुनाव में कथित धांधली और उसके जनादेश की चोरी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम मे संवाददाताओं से बातचीत में चट्ठा ने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया।डान अखबार ने उनके हवाले से लिखा, मै इन सारे गलत काम की जिम्मेदारी लेता हूं और आपको बताता हूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से संलिप्त हैं। खबर के मुताबिक चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेरफेर की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, देश के साथ यह विश्वासघात उन्हें सोने नही दे रहा था। मैंने जो अन्याय किया है उसकी सजा मुझे मिलनी चाहिए और इस अन्याय में शामिल अन्य लोगों को भी सजा मिलनी चाहिए। पूर्व नौकरशाह ने कहा कि उन पर इस हद तक दबाव था कि उन्होने आत्महत्या करने तक की सोच ली थी।

